CMYK CMYK



उद्योगपति मुकेश और अनिल अंबानी की मां कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति



अमेरिका में भूकंप के जोरदार झटके, ड्रेक पैसेज क्षेत्र में 7.4 तीव्रता का भूकंप; सुनामी की चेतावनी

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक - 238 | रायपुर | शनिवार 23 अगस्त 2025 विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25

## वाम विचारधारा से उत्पन्न उदासीन विकास मॉडल केरल की प्रगति को रोक रहा : शाह

लोकशक्ति।

वोट बैंक की राजनीति के कारण केरल में राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता किया गया, कानून और व्यवस्था की स्थिति भी निम्न स्तर तक पहुंच गई, हमारी पार्टी इस स्थिति को सुधारेगी

केरल सरकार ने PFI जैसे संगठन को समय पर क्यों नहीं रोका, यदि मोदी सरकार नहीं होती, तो शायद केरल सरकार PFI पर प्रतिबंध नहीं लगाती

केरल की जनता यह तय कर चुकी है कि वह कैडर के लिए काम करने वाली सरकार नहीं, बल्कि जनता के लिए काम करने वाली सरकार चाहती है



**एजेंसी।** केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जब भी देश का इतिहास लिखा जाएगा, शांति और विकास की दृष्टि से नरेन्द्र मोदी जी के शासन के 11 वर्ष स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि केरल जहां 11 वर्ष पहले खड़ा था, आज भी वहीं खड़ा है। केरल के पास ढेर सारी संभावनाएं हैं, परंतु इन संभावनाओं का दोहन करने और अवसरों को तलाशने में एक विचित्र प्रकार की वैचारिक उदासीनता बाधा बन रही है। श्री शाह ने कहा कि वाम विचारधारा से उत्पन्न होने वाला उदासीन विकास मॉडल केरल की प्रगति को रोक रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले दिनों में केरल भी विकास की इस यात्रा से जुड़ने का अभियान शुरू करेगा।

श्री अमित शाह ने कहा कि केरल की जनता भ्रष्टाचार को पसंद नहीं करती। यहां वोट बैंक की राजनीति के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता किया गया। कानून और व्यवस्था की स्थिति भी निम्न स्तर तक पहुंच गई। उन्होंने कहा कि PFI नामक संगठन, जो देश-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त था, केरल से लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार, और गुजरात तक फैल गया। श्री शाह ने सवाल किया कि इस संगठन को समय पर क्यों नहीं रोका गया? उन्होंने कहा कि यदि मोदी सरकार नहीं होती, तो शायद केरल सरकार आज भी PFI पर प्रतिबंध नहीं लगाती।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि केरल देश का सबसे साक्षर राज्य है, जहां शत-प्रतिशत साक्षरता दर है, फिर भी यहाँ इतनी बेकारी क्यों है? उन्होंने कहा कि देश में सबसे अधिक साक्षरता केरल में है, और बेकारी भी यहीं सबसे अधिक है। श्री शाह ने कहा कि केरल में अपार संभावनाएं मौजूद हैं, लेकिन इनका दोहन नहीं किया गया। केरल की जनता चाहती है कि विकास के लिए यहां आईटी, सेमीकंडक्टर, पोर्ट और ज्ञान-आधारित उद्योग स्थापित हों। उन्होंने कहा कि अब तक का लक्ष्य केवल कैडर का भला करना रहा है, न कि जनता का।

बिहार के गया में 12,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन

# अब जेल जाने वाला कुर्सी पर नहीं बैठ सकेगा : मोदी का बिहार से सख्त संदेश

### गया जी की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत प्राचीन और बेहद समृद्ध है: प्रधानमंत्री

**एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर बिहार आए हैं. इस दौरान उन्होंने गया से हुंकार भरी. विपक्षी को निशाने पर लिया. साथ ही कह दिया कि कोई जेल में रहता है तो सरकार कैसे चला सकता है, इसीलिए सरकार द्वारा कानून लाया गया है.

**नए कानून पर विपक्ष को घेरा :** पीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, आप सोचिए, आज कानून है कि अगर किसी छोटे सरकारी कर्मचारी को 50 घंटे तक हिरासत में रखा जाए तो वह अपने-आप निलंबित हो जाता है. लेकिन अगर कोई मुख्यमंत्री है, मंत्री है या प्रधानमंत्री है, तो वह जेल में रहकर भी सत्ता का सुख पा सकता है.





''हमने कुछ समय पहले ही देखा है कि कैसे जेल से ही फाइलों पर साइन किए जा रहे थे, जेल से ही सरकारी आदेश जारी किए जा रहे थे. नेताओं का अगर यही रवैया रहेगा, तो भ्रष्टाचार के खिलाफलड़ाई कैसे लड़ी जा सकती है?''
- नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

पीएम मोदी ने आगे कहा संविधान की मर्यादा तार तार हो, ये हमलोग नहीं देख सकते है. इसलिए केन्द्र की सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ ऐसा कानून लेकर आई, जिसमें कोई नहीं बच सकता है. चाहे वो देश का पीएम हो या फिर मुख्यमंत्री या मंत्री. कानून बनने के बाद गिरफ्तारी के 30 दिनों के भीतर जमानत लेनी होगी. अगर बेल नहीं मिली तो कुर्सी छोड़नी होगी. लेकिन आरजेडी, कांग्रेस और लेफ्ट वाले इस कानून का विरोध कर रहे हैं.

**केन्द्र ने लाया है 130वां संविधान संसोधन विधेयक :** बता दें कि केन्द्र सरकार ने पहले लोकसभा और फिर राज्यसभा में 130वें संविधान संसोधन विधेयक को पेश किया. इसके बाद इसे जेपीसी में भेज दिया गया है. इस कानून के बनने के बाद अगर कोई मंत्री, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री लगातार 30 दिनों तक जेल में रहता है, अगर वह अपना पदत्याग नहीं करता है तो अपने आप उसकी कुर्सी चली जाएगी.

**लाल आतंक और RJD :** प्रधानमंत्री ने इस दौरान आरजेडी और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया. उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, आप याद कीजिए, लालटेन राज में यह क्षेत्र लाल आतंक में जकड़ा हुआ था. माओवादियों की वजह से शाम के बाद कहीं आना-जाना मुश्किल हो जाता था. बिहार के लोगों को आरजेडी और उनके साथी सिर्फ अपना वोट बैंक मानते थे. उन्हें गरीब के सुख-दुख, गरीब के मान-सम्मान से कोई मतलब नहीं था.

''**गया जी जैसे शहर लालटेन राज में अंधेरे में डूबे रहते थे**. हजारों गांव ऐसे थे जहां बिजली के खंभे तक नहीं पहुंचे थे. लालटेन राज ने पूरे बिहार के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया था. न शिक्षा थी, न रोजगार, बिहार की कितनी ही पीढ़ियों को इन लोगों ने बिहार से पलायन के लिए मजबूर कर दिया था.''- नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री।

## राजस्थान: सवाई माधोपुर के सूरवाल बांध में पलटी नाव, 10 लोग डूबे, 4 को बचाया गया, एनडीआरएफपहुंची





एजेंसी

जयपुर. राजस्थान के सवाई माधोपुर के सूरवाल बांध में नाव पलटने से बड़ा हादसा हो गया. नाव में 8 से 10 लोग सवार थे. बांध की लहर के लपेटे में आने के बाद ये हादसा हो गया. अभी तक 3 से 4 लोगों को बाहर निकाल लिया गया है. बाकी लोगों को निकालने के लिए एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है. मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन वो सिर्फ 3 से 4 लोगों को ही निकाल सके।

## बंगाल में घुसपैठियों पर बोले प्रधानमंत्री :ये रोजगार छीन रहे, भारत में रहने नहीं देंगे

नईदिल्ली,एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन से नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर मेट्रो, सियालदह-एस्प्लेनेड मेट्रो और बेलेघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय मेट्रो को हरी झंडी दिखाई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कोलकाता के दौरे पर हैं। PM ने यहां 5200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कुल 13.62 किलोमीटर लंबे तीन नए रूट का उद्घाटन किया। इसके अलावा PM ने 1200 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से बनने वाले 6 लेन कोना एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखी। यह एक्सप्रेसवे 7.2 किलोमीटर लंबा होगा। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई हैं।








इसके बाद जनसभा में PM मोदी ने कहा- भारत सरकार ने घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चलाया है। TMC, कांग्रेस समेत INDI अलायंस सत्ता के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दे रहा है। विकसित देशों में घुसपैठियों के खिलाफ मुहिम चल रही है। भारत भी घुसपैठियों को ज्यादा नहीं सह सकता है। आपका एक वोट बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त करा सकता है।

30 दिन तक जेल में रहने पर सीएम, पीएम और मंत्रियों को पद से हटाने का कानून बनाने वाले बिल पर मोदी ने कहा मुख्यमंत्री तक जेल से सरकार चलाते हैं। ये संविधान और लोकतंत्र का अपमान है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने TMC सरकार, भ्रष्टाचार और ऑपरेशन सिंदूर पर भी बात की।

## नसबंदी और टीकाकरण के बाद छोड़े जाएंगे आवारा कुत्ते, सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

**नईदिल्ली,** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर की सड़कों पर आवारा कुत्तों को लेकर फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने कहा कि जिन कुत्तों को पकड़ा गया है, उन्हें नसबंदी और टीकाकरण के बाद छोड़ दिया जाए। कोर्ट ने ये भी आदेश दिया कि रेबीज से संक्रमित या हिंसक कुत्तों को नहीं छोड़ा जाए। कोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को खाना न दिया जाए। इससे पहले कोर्ट ने आवारा कुत्तों को डॉग शेल्टर्स में भेजने का आदेश दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि नगर निगम को कुत्तों को पकड़कर उन्हें कीड़े मारने की दवा, टीकाकरण आदि करने के बाद उसी इलाके में छोड़ना होगा, जहां से पकड़े गए थे। कोर्ट ने कहा कि हर इलाके में कुत्तों को खिलाने के लिए खास क्षेत्र बनाए जाएंगे।



पीएम मोदी ने कोलकाता मेट्रो प्रोजेक्ट की जानकारी ली।

देश | न केवल व्यापार आसान होगा बल्कि लागत में भी कमी आएगी

## संसद में पारित हुए नए समुद्री कानून, अब सस्ता और आसान होगा समुद्री व्यापार

एजेंसी

**नई दिल्ली, संवाददाता।** संसद के मानसून सत्र में पांच बड़े समुद्री विधेयक पारित हुए हैं, जिन्हें भारत की समुद्री अर्थव्यवस्था और व्यापार जगत के लिए ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है. इन नए कानूनों का उद्देश्य औपनिवेशिक युग के पुराने समुद्री कानूनों की जगह आधुनिक और वैश्विक मानकों के अनुरूप नियम लागू करना है, जिससे न केवल व्यापार आसान होगा बल्कि लागत में भी कमी आएगी. केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बताया कि पारित हुए नए कानूनों में बिल ऑफ लैडिंग 2025, कैरिज ऑफ गुड्स बाय सी बिल 2025, कोस्टल शिपिंग बिल 2025, मर्चेंट शिपिंग बिल 2025 और इंडियन पोर्ट्स बिल 2025 शामिल हैं. ये सभी कानून क्रमशः 1925, 1958 और 1908 के पुराने औपनिवेशिक कानूनों को बदल देंगे. बिल ऑफ लैडिंग 2025 का उद्देश्य कानूनी दस्तावेजों को सरल बनाना है, ताकि आयात-निर्यात के दौरान विवाद कम हों और व्यापारियों को लेन-देन में आसानी हो. वहीं, कैरिज ऑफ गुड्स बाय सी बिल 2025 हेग-विस्बी नियमों को अपनाकर मुकदमेबाजी कम करने और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूत बनाने में मदद करेगा. कोस्टल शिपिंग बिल 2025 भारत के 6त्न तटीय नौवहन हिस्सेदारी को पुनर्जीवित करने पर केंद्रित है. इससे हर साल लगभग 10,000 करोड़ रुपये की रसद लागत बचत होगी. साथ ही सड़क यातायात और प्रदूषण दोनों में कमी आएगी.



मर्चेंट शिपिंग बिल 2025 वैश्विक मानकों के अनुरूप जहाजों की सुरक्षा, नाविकों के कल्याण और समुद्री पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित है. इसमें जहाज़ दुर्घटनाओं में मलबा हटाने और बचाव कार्यों को तेज़ बनाने का भी प्रावधान है.

इंडियन पोर्ट्स बिल 2025 के तहत राज्य समुद्री बोर्डों को छोटे बंदरगाहों के प्रबंधन की अधिक शक्ति दी जाएगी. इससे स्थानीय स्तर पर विवादों का समाधान होगा और डिजिटल पोर्ट सिस्टम के माध्यम से पारदर्शिता और निवेश बढ़ेगा।

## भारत पर ट्रंप के टैरिफ को चीन ने बताया 'गुंडागर्दी', कहा- 'एशिया के 2 इंजन हैं दोनों देश'

नई दिल्ली: एजेंसी

चीन के राजदूत शू फीहोंग ने भारत के साथ मजबूत दोस्ती और सहयोग की वकालत करते हुए अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए भारी टैरिफ को 'गुंडागर्दी' करार दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत पर 50त्न तक का टैरिफ लगाया और और भी बढ़ाने की धमकी दी है, जिसका चीन पुरजोर विरोध करता है। फ ीहोंग ने कहा, 'अमेरिका ने लंबे समय तक मुक्त व्यापार का फायदा उठाया, लेकिन अब वह टैरिफ को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। चुप रहने से इस गुंडागर्दी को और बढ़ावा मिलेगा। चीन भारत के साथ मजबूती से खड़ा है।'

**'भारत-चीन एकता दुनिया के लिए जरूरी'** चीन के राजदूत ने नई दिल्ली में गुरुवार को एक कार्यक्रम में कहा कि भारत और चीन जैसे दो बड़े पड़ोसी देशों के बीच एकता और सहयोग ही विकास का रास्ता है। उन्होंने कहा, 'हम दोनों देश एशिया के दो इंजन हैं। हमारी दोस्ती न सिर्फ हमारे लिए, बल्कि पूरे एशिया और विश्व के लिए फायदेमंद है। भारत और चीन को आपसी भरोसा बढ़ाना चाहिए और मतभेदों को बातचीत से सुलझाना चाहिए। हम प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि साझेदार हैं।'



### लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने पर दिया जोर

फीहोंग ने दोनों देशों के बीच लोगों के आपसी संपर्क को भी बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने बताया, 'चीन ने भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए पवित्र पर्वत कैलाश और झील की यात्रा फिर से शुरू की है, और भारत ने भी चीनी नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा फिर से शुरू कर दिया है।' यह कदम दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और जनसंपर्क को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। चीन के राजदूत ने भारत और चीन के बीच दोस्ती और सहयोग को वैश्विक स्थिरता के लिए जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को आपसी विश्वास और बातचीत के जरिए मतभेदों को सुलझाना चाहिए।

**'चीन में भारतीय सामान को मिलेगा बढ़ावा'** फीहोंग ने भारतीय सामान को चीनी बाजार में और जगह देने का वादा किया। उन्होंने कहा, 'हम भारतीय सामान को अपने बाजार में और स्वागत करेंगे। भारत की आईटी, सॉफ्टवेयर और बायोमेडिसिन में ताकत है, जबकि चीन इलेक्ट्रॉनिक्स, इन्फ्रास्ट्रक्चर और नई ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है।' चीनी राजदूत ने वैश्विक हालात पर बात करते हुए कहा कि दुनिया इस समय बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा, 'द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में सबसे बड़ा बदलाव हो रहा है। ऐसे में भारत और चीन का सहयोग और भी अहम हो जाता है। हमें एक समान और व्यवस्थित बहुध्रुवीय दुनिया को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी लेनी होगी।'

## श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे गिरफ्तार, सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप



**एजेंसी।** । श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को शुक्रवार को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने गिरफ्तार कर लिया है। वे सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप को लेकर कोलंबो स्थित सीआईडी कार्यालय में बयान दर्ज कराने गए थे, जहां उनको गिरफ्तार कर लिया गया।

श्रीलंकाई मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह जांच सितंबर 2023 में उनकी लंदन यात्रा से संबंधित है, जहां वे अपनी पत्नी, प्रोफेसर मैत्री विक्रमसिंघे के वॉल्वरहैम्प्टन विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए थे। जांचकर्ताओं का दावा है कि इस यात्रा और सुरक्षा खर्चों के लिए सरकारी धन का उपयोग किया गया था। पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने इन आरोपों का खंडन किया है और कहा है कि उनकी पत्नी ने अपने खर्चे खुद उठाए थे और किसी भी सार्वजनिक धन का दुरुपयोग नहीं हुआ। सीआईडी ने पहले फोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट में साक्ष्य प्रस्तुत किए थे और उनके पूर्व निजी सचिव सैंड्रा परेरा और पूर्व राष्ट्रपति सचिव समन एकनायके के बयान दर्ज किए थे। शुक्रवार सुबह चार घंटे से अधिक समय तक बयान दर्ज कराने के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया और जल्द ही फोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किए जाने की उम्मीद है। बता दें कि मंगलवार को सीआईडी अधिकारियों का उनके पास पेश होने के लिए फोन आया था। इसके बाद उन्होंने अपने वकीलों को सूचित किया था कि वह इस सप्ताह ही उपस्थित होंगे।

CMYK CMYK

# जिले में 14 अगस्त से 15 सितम्बर तक मनाया जा रहा है बालिका सुरक्षा माह, जागरूकता बढ़ाने विद्यालयों, छात्रावासों एवं अन्य संस्थाओं में हो रहा है विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**जशपुरनगर ।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास और जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा के निर्देशानुसार जिले में 14 अगस्त से 15 सितम्बर 2025 तक बालिका सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। विषय पर आयोजित बालिका सुरक्षा माह में जिले के समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों, छात्रावासों , महिला छात्रावासों, बाल देखरेख संस्थाओं, सखी केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्रों में संबंधित विषय पर जागरूकता बढ़ाने कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

जिनमें निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण, वाद-विवाद कार्यकम, बाल संवाद, चर्चा सत्र, वाद-विवाद, नाट्य प्रस्तुति एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाना शामिल है। बच्चों एवं किशारों में उनके अधिकारों, सुरक्षा, स्वास्थ्य, लैंगिंग समानता, बाल विवाह, उन्मूलन, नशामुक्ति, बाल संरक्षण आदि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता बढ़ाने हेतु विद्यालय स्तर पर इन गतिविधियों का आयोजन अत्यंत प्रभावी साबित होते हैं। विधायक बच्चों के सामाजिक,




मानसिक एवं नैतिक विकास का महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में विषय के प्रति रुचि, समझ और संवेदनशीलता को बढ़ाना है, जिससे वे स्वयं जागरूक बनें एवं अपने परिवार और समुदाय को भी सकारात्मक संदेश दे सकें।

## वोट चोरों गद्दी छोड़ों अभियान के तहत कांग्रेस का 29 को बिलासपुर में विशाल प्रदर्शन

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर वोट चोरों गद्दी छोड़ों के अभियान के तहत 29-30 अगस्त को बिलासपुर में एक विशाल रैली निकाली जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि कांग्रेस द्वारा यह अभियान 14 अगस्त से प्रारंभ हो गया है रायपुर में यह अभियान समाप्त हो चुका है उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में व्यापक गड़बड़ी की गई है। उन्होंने कहा कि स्थायी पता एवं नाम बदलने की प्रक्रिया नाम पूरी नहीं की जाती ऐसे मतदाता जिनकी मौत हो चुकी है उनका नाम नहीं काटा जाता है। बिहार में निर्वाचन आयोग द्वारा किये गये कार्यों को लेकर इस समय कांग्रेस के निशाने पर आयोग है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इसको लेकर हमलावर हो गये हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप से यह विभाग छीन लिया गया है। यहां पर बोधघाट सहित अन्य प्रोजेक्ट बनने वाले है। लेकिन अब इसके निर्माण को लेकर कई समस्याएं आ गई है। पूर्व मंत्री अमतरजीत भगत भी भाजपा में आने की चर्चा है। लेकिन दीपक बैज ने अपनी कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है। इस पर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। ज्ञात रहे अमरजीत भगत ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि वे उनकी उपेक्षा कर रहे है।

## सीजी-रेरा ने लॉन्च की वॉलंटरी कंप्लायंस स्कीम, विलंब शुल्क में 90 प्रतिशत तक की छूट

**रायपुर।** रियल एस्टेट सेक्टर में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (छ्त्ल-ऋश्वक्र) ने एक नई 'वॉलंटरी कंप्लायंस स्कीम' शुरू की है। यह योजना सितंबर 2025 तक प्रभावी रहेगी, जिसका लाभ उठाकर रियल एस्टेट प्रमोटर अपनी लंबित रिपोर्ट जमा कर सकते हैं।

इस स्कीम के तहत, 31 मार्च 2024 तक पंजीकृत सभी प्रोजेक्ट्स के प्रमोटर्स को एक साथ अपनी तिमाही प्रगति रिपोर्ट और वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की सुविधा दी गई है। इस पहल का मकसद उन प्रमोटरों को राहत देना है जो किसी कारणवश अपनी रिपोर्ट्स समय पर जमा नहीं कर पाए थे।

योजना के प्रमुख लाभ

विलंब शुल्क में छूटः जो प्रमोटर्स अपनी लंबित रिपोर्ट्स जमा करते हैं, उन्हें विलंब शुल्क में 70 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी।

90त्न तक की भारी छूटः जिन प्रोजेक्ट्स के पास वैध 'कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र है, उन्हें विलंब शुल्क में 90 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी।

सीजी-रेरा ने इस योजना को रियल एस्टेट सेक्टर में नियमों के पालन की संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। अथॉरिटी ने सभी प्रमोटरों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी सभी रिपोर्ट्स प्रस्तुत करें।

इस योजना से जुड़ी विस्तृत जानकारी सीजी रेरा की आधिकारिक वेबसाइट http-sÑ//rera.cgstate.gov.in/ पर उपलब्ध है। प्रमोटर परिपत्र संख्या 115, 116 और 119 में भी अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# फिर से जगमगाएंगी शहर की सड़कें,15 दिनों में रोशन होंगे वार्ड

**जगदलपुर।** शहर की सड़कें अब फिर से रोशन होने जा रही हैं। नगर निगम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट संधारण का काम जिस कंपनी के जिम्मे था, उसने तकनीकी कारणों से काम बंद कर दिया था। इसके चलते न सिर्फ नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ी, बल्कि रात्रिकालीन आवागमन भी असुरक्षित हो गया था। मामला प्रदेश सरकार और पूर्व वेंडर के बीच विवाद में फंसा हुआ था, जो अब समाप्त हो चुका है। प्रदेश सरकार ने संधारण कार्य का जिम्मा नए वेंडर खुशमिता सर्विसेज कंपनी को सौंप दिया है। कंपनी ने कार्यभार संभालते ही अपनी सक्रियता दिखाई और बुधवार को छत्रपति शिवाजी वार्ड एवं दलपत सागर वार्ड की बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को पुनः चालू कर दिया। कंपनी का दावा है कि यदि मौसम अनुकूल रहा और बारिश जैसी बाधाएं सामने नहीं आईं तो आगामी 15 दिनों के भीतर नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त कर दी जाएगी। शहरवासियों के लिए यह खबर



राहत भरी है। लंबे समय से मोहल्लों और वार्डों में जहां दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी, वहीं असामाजिक तत्व भी सक्रिय रहते थे। अब सड़कों पर रोशनी लौटने से लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। महापौर संजय पांडे ने कहा स्ट्रीट लाइट व्यवस्था बंद रहने से नागरिकों को असुविधा हुई, लेकिन अब नए वेंडर को जिम्मेदारी मिलते ही काम तेजी से शुरू हो गया है। हमारा प्रयास है कि शहर की हर गली, हर सड़क रोशनी से जगमगाए। आने वाले 15 दिनों में पूरा शहर फिर से रोशनी से भर जाएगा।

नगर निगम द्वारा लगातार प्रयास किए जाने और प्रदेश सरकार के हस्तक्षेप से नया वेंडर चुना गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि शहर की मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रशासन गंभीर है।

## प्रदेश के कर्मचारी अधिकारी 22 से जाएंगे कलमबद्ध हड़ताल पर,जनता को होगी विशेष परेशानी

**रायपुर ।** शासकीय कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के अध्यक्ष कमल वर्मा ने बताया कि सभी शासकीय कार्यालय से संबद्ध विभिन्न विभाग के कर्मचारी कल 22 अगस्त शुक्रवार से कलमबंद हड़ताल पर जा रहे है।

प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा ने बताया कि हम अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर कल से जा रहे हैं जिसके कारण संचालनालय जिलाधीश कार्यालय स्कूल, तथा अन्य विभागों के कर्मचारी हमारे साथ हड़ताल पर रहेंगे। जिसके कारण आवश्यक कामकाज प्रभावित होने की संभावना है। राज्य में अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन सबसे बड़ा संगठन है जो कि आए दिन अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चला जाता है। छग सरकार ने हाल ही में केंद्र के समकक्ष डीए दिये जाने की घोषणा की थी। प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा का कहना है कि यह घोषणा पूर्व में लागू की जानी थी लेकिन इसमें समय नहीं बताया गया है। उन्होंने सभी साथियों से हड़ताल पर जाने का आह्वान किया है।

इधर मितानीन भी हड़ताल पर चले गये हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी भी इस समय हड़ताल पर चले गये हैं। जिसके कारण इस समय स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही है। छग सरकार ने हाल ही में केंद्र के समकक्ष डीए दिये जाने की घोषणा की थी। प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा का कहना है कि यह घोषणा पूर्व में लागू की जानी थी लेकिन इसमें समय नहीं बताया गया है।

## छत्तीसगढ़ पुलिस में 25 उप निरीक्षकों को पदोन्नति, अब बने निरीक्षक – डीजीपी ने जारी किया आदेश

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग ने 25 उप निरीक्षकों को पदोन्नति देकर निरीक्षक (ञ्जढ्ढ) बनाया है। यह पदोन्नति वर्ष 2025 की योग्यता सूची के आधार पर की गई है। पुलिस महानिदेशक (ष्ठत्रक्क) अरुण देव गौतम द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। फिलहाल सभी अधिकारियों को उनके वर्तमान पदस्थापना स्थल पर ही कार्य करने का निर्देश दिया गया है। नई पोस्टिंग से जुड़ा आदेश अलग से जारी किया जाएगा।

पदोन्नत निरीक्षकों की सूची एवं वर्तमान पदस्थापनाः

01. नागेश तिवारी कोरबा, 02 श्री सुशील कुमार त्रिपाठी मोहला-मानपुर-अंतागढ़ चौकी, 03 श्री राकेश वर्मा जीआरपी रायपुर डीसीआरबी, 04 श्री मयंक मिश्रा बेमेतरा, 5 सुश्री मानकुंवर बिलासपुर, 6 श्री मनोहर लाल सिन्हा जांजगीर-चांपा, 07 श्री शिशिर कांत सिंह गैर जिला बल सरगुजा, 08 श्री शिशिर पाण्डेय गरियाबंद, 09 श्री देवेश कुमार साहू विशेष पु.मु., रायपुर, 10 श्री संतोष सिंह महासमुंद, 11 विमल कुमार लावनिया कबीरधाम, 12 7 श्री मोहम्मद फिरोज सुकमा, 13 डालूदास मानिकपुरी रायपुर, 14 भूषण चन्द्राकर राजनांदगांव, 15 तामेश कुमार साहू विशेष पु.मु., रायपुर, 16 राकेश कुमार सूर्यवंशी जांजगीर-चांपा, 17 देवेन्द्र कुमार देवांगन विशेष पु.मु., रायपुर, 18 नवीन सिंह राजपूत दुर्ग, 19 पारस पटेल जांजगीर-चांपा, 20 रमेश कुमार साहू एसआईए पु.मु. रायपुर, 21 श्री ताराचंद स्द्ध, पु.मु. रायपुर, 22 सुश्री सरिता तिवारी पुलिस महिला नि. कार्यालय, बिलासपुर, 23 विनोद कुमार कश्यप महासमुंद, 24 कौमल भूषण पटेल कांकेर, 25 भावेश शेण्डे बिलासपुर

पदोन्नति की शर्तेंः

यदि किसी अधिकारी पर आपराधिक मामला, विभागीय जांच या कोई गंभीर शिकायत लंबित है, तो उसकी पदोन्नति पर रोक लगाई जा सकती है। यह पदोन्नति सुप्रीम कोर्ट के आदेश (SLP No. 19668/2022) के अधीन रहेगी।

निर्देशः

पुलिस मुख्यालय ने संबंधित कार्यालयों को निर्देश दिया है कि यदि किसी अधिकारी के विरुद्ध कोई आपत्ति योग्य प्रकरण लंबित हो, तो उनकी पदोन्नति पर तत्काल रोक लगाते हुए सभी दस्तावेज पुलिस मुख्यालय को शीघ्र भेजे जाएं।

# रानीसागर गांव के युवक की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत, आक्रोशित ग्रामीणों का केमिकल फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन

**रायपुर/आरंग।** आरंग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रानीसागर के एक युवक की बीती रात एक केमिकल कंपनी के ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हो गई। हादसा बुधवार, 20 अगस्त की रात उस समय हुआ जब बजरंग केमिकल डिस्टिलरी एलएलपी कंपनी का ट्रैक्टर तेज रफ्तार में बेकाबू होकर युवक से जा टकराया। मृतक की पहचान 22 वर्षीय गिरीश कुमार साहू के रूप में हुई है।

तेज रफ्तार और शराब का कहर

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर चालक नशे की हालत में था और अत्यधिक गति के कारण उसने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे गिरीश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अगली सुबह, मृतक के परिजन और गांव के लोग बड़ी संख्या में शव के साथ कंपनी के बाहर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों का आरोप था कि कंपनी



प्रबंधन ट्रैक्टर को अंदर छिपाकर आरोपी चालक को बचाने की कोशिश कर रहा है, और विरोध के बावजूद उन्हें परिसर में प्रवेश नहीं दिया जा रहा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने हस्तक्षेप किया और मृतक के परिजनों तथा ग्राम सरपंच को कंपनी के भीतर जाने की अनुमति दिलाई। वहां ग्रामीणों ने मुआवजा, दोषी चालक की गिरफ्तारी और ट्रैक्टर की तकनीकी जांच की मांग रखी।

कंपनी प्रबंधन ने तत्काल पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने और भविष्य में उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया और शव को अंतिम संस्कार के लिए गांव वापस ले गए।आरंग पुलिस ने मर्ग कायम कर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। वहीं, हादसे के बाद से फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है और चालक की गिरफ्तारी के लिए दबिशें दी जा रही हैं।

## 33 छात्राओं को प्रदान किया सायकल

रायपुर। रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खोखो पारा में सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत स्कूल में अध्ययनरत 33 छात्राओं को नई सायकल वितरीत की।श्री सोनी ने खो खो पारा स्कूल में शेड और रंगमंच निर्माण सहित अन्य आवश्यक कार्य करवाने रायपुर दक्षिण विधायक निधि के जनसम्पर्क स्वेच्छानुदान मद से 10 लाख रु का अनुदान देने की घोषणा की।ये थे मौजूद इस दौरान नगर निगम जोन 5 अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल और शासकीय स्कूल खोखोपारा स्कूल की प्राचार्य सी. वर्मा सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षक, शिक्षिकाओ, कर्मचारियों, स्कूल के छात्र-छात्राओ की उपस्थिति थे।

# एचएनएलयू में अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून पर संगोष्ठी सम्पन्न, विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

**रायपुर।** हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एचएनएलयू), रायपुर ने अपने सेंटर फॉर डब्ल्यूटीओ एवं डब्ल्यूपो स्टडीज़, स्कूल ऑफ लॉ एंड टेक्नोलॉजी के माध्यम से द वर्ल्ड ट्रेड सिस्टमः टिप्स एंड स्ट्रैटेजीज़ फॉर अंडरस्टैंडिंग द डायनैमिक्स ऑफइंटरनेशनल ट्रेड लॉ विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों एवं विद्यार्थियों ने वैश्विक व्यापार व्यवस्था की बदलती चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श किया।

मुख्य वक्ता के रूप में ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट, जेनेवा (स्विट्ज़रलैंड) के अंतरराष्ट्रीय विधि विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नेहा मिश्रा ने संबोधन किया। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर एवं यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न की पूर्व छात्रा डॉ. मिश्रा ने अपने व्याख्यान में विश्व व्यापार संगठन (WTO) द्वारा संचालित वैश्विक व्यापार प्रणाली की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि डिजिटल अर्थव्यवस्था के तीव्र विस्तार के साथ अंतरराष्ट्रीय व्यापार नई चुनौतियों और संभावनाओं के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से भारत और अन्य विकासशील देशों पर तकनीकी बदलावों के प्रभाव तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के एकीकरण से उत्पन्न चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

व्याख्यान के समापन पर डॉ. मिश्रा ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून में अपने प्रवेश की प्रेरणादायक यात्रा साझा की और विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया।

इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में एचएनएलयू के साथ-साथ अन्य संस्थानों के छात्रों के लिए भी खुला था और इसमें बांग्लादेश तथा अमेरिका सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अंकित अवस्थी एवं सुश्री उर्वी श्रीवास्तव (सेंटर फॉर डब्ल्यूटीओ एवं डब्ल्यूपो स्टडीज़) द्वारा किया गया, जबकि मंच संचालन की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय की छात्राएँ कृतिका सेंथिल कुमार और नंदना अरुण ने निभाई।

# छत्तीसगढ़ पुलिस में आरक्षक भर्ती के लिए आवेदन जारी, लिखित परीक्षा 14 सितंबर

रायपुर।

छत्तीसगढ़ पुलिस में सिपाही, ड्राइवर और ट्रेडमैन पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया जारी है। इच्छुक उम्मीदवार 27 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के तहत कुल 5967 रिक्त पदों को भरा जाएगा।

भर्ती प्रक्रिया के पहले चरण में फिजिकल टेस्ट पूरा हो चुका है। अब शारीरिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए लिखित परीक्षा 14 सितंबर को आयोजित की जाएगी।

यह भर्ती प्रदेश के छह पुलिस रेंज के अंतर्गत आने वाले 33 जिलों के अलावा रेलवे पुलिस, चंदखुरी स्थित पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, पीटीएस माना, राजनांदगांव, मैनपाट और पुलिस मुख्यालय एमटी पुल के लिए की जा रही है।



## शेखपुरा, बिहार – वोटर अधिकार यात्रा में हुआ महत्वपूर्ण संवाद

रायपुर । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जी के नेतृत्व में चल रही वोटर अधिकार यात्रा के दौरान शेखपुरा ज़िले में बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु तथा ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं बिहार सहप्रभारी देवेंद्र यादव जी से विशेष मुलाकात हुई। इस अवसर पर दोनों वरिष्ठ नेताओं ने यात्रा की ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल चुनावी धांधली के खिलाफ लड़ाई नहीं है, बल्कि लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा का जनांदोलन है। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए कहा कि बदलाव की शुरुआत बिहार की धरती से होगी और यह आंदोलन पूरे देश की जनता को नई दिशा देगा।यात्रा में छत्तीसगढ़ से भी बड़ी संख्या में युवा सक्रिय रूप से शामिल हो रहे हैं। इस दौरान सहित प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा जी एवं धमतरी ज़िले के एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन एवं अनेक कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर संगठन को मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

# बचपन रहे स्वस्थ, दिल धड़कता रहे खुशियों से ,'प्रोजेक्ट धड़कन' के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर

## आंगनबाड़ी व विद्यालयों में निःशुल्क हृदय रोग जांच अभियान जारी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन रायपुर की नवाचारी पहल प्रोजेक्ट धड़कन के अंतर्गत में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों के जन्मजात हृदय रोग की प्रारंभिक पहचान हेतु स्क्रीनिंग की गई।आंगनबाड़ी क्रमांक 7 शुक्रवारी बाजार बिरगांव में 92 बच्चों की जांच की गई। जिसमें 38 छात्र एवं 54 छात्राएं शामिल रही। जिसमें कोई भी बच्चे सस्पेक्टेड नहीं मिले। पी एम श्री आडवाणी अर्लीकन स्न्लश्वस्र बिरगांव में, कुल 211 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें 95 छात्र एवं 116 छात्राएं शामिल रहे कोई भी बच्चा सस्पेक्टेड नहीं मिला। आंगन बाड़ी 6 इंद्रा नगर बिरगांव में 75 बच्चों की स्क्रीनिंग किया गया जिसमें छात्र 38 तथा छात्राएं 37 शामिल रही,(1 लड़की+2 बालक) कुल 3 बच्चें सस्पेक्टेड मिले। आगे की जांच एवं ईलाज श्री सत्य साई हॉस्पिटल नवा रायपुर द्वारा की जाएगी।

प्रोजेक्ट धड़कन का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों एवं शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों में जन्मजात हृदय रोग के लक्षणों की प्रारंभिक पहचान, जांच एवं निःशुल्क उपचार सुनिश्चित करना है। तेज धड़कन, वजन न बढ़ना, शरीर में नीलापन, बार-बार सर्दी-खांसी, सांस लेने में तकलीफ तथा स्तनपान के समय पसीना आना जैसे लक्षणों के आधार पर बच्चों की जांच की जाती है।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज के विधार्थियों को बताए ट्रैफिक के नियम और सड़क दुघर्टनाओं से बचने के उपाय

जगदलपुर। पॉलिटेक्निक कॉलेज आड़ावाल में छात्र,छात्राओं अध्यापकों व अन्य स्टाफ संख्या को यातायात से संबंधित नियम , सड़क दुर्घटना के कारण,रोकथाम ,एवं उपाय आदि के संबंध में जानकारी दी गई। परिवहन विभाग से डी सी बंजारे क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं पुलिस विभाग सेडीएसपी ट्रैफिक्र संतोष जैन,यातायात प्रभारी मधुसूदन नाग,एएसआई राजकुमार आडील द्वारा विधार्थियों को ट्रैफिक्र नियमों के बारे डिटेल में बताया गया। साथ ही क्षेत्र में पूर्व में घटित सड़क दुर्घटना के कारणों के बारे में बताया एवं समझाया गया। कॉलेज के छात्र छात्राएं तथा अध्यापक एवं स्टाफ द्वार ध्यान पूर्वक सड़क सुरक्षा एवं यातयात से संबंधी बातें को सुना गया ।जिस पर उपस्थित छात्र छात्राएं, एवं अध्यापक गण द्वारा भविष्य में ट्रैफिक्र नियमों के प्रति हमेशा सजग रहने के साथ साथ यातायात नियमों के पालन करने की बात इन सभी के द्वारा कही गई।

उक्त कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र छात्राएं के अलावा अध्यापक गण, विद्यालय स्टाफ तथा यातायात के स्टाफ भी मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ शराब घोटाला : कोर्ट में पेश नहीं हुए 29 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ जारी हुआ जमानती वारंट



**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में आरोपी 29 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ रायपुर स्पेशल कोर्ट ने कोर्ट में उपस्थित नहीं होने के लिए जमानती वारंट जारी किया है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के कार्यकाल में हुए बड़े शराब घोटाले में बुधवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को कोर्ट 4 दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है।3200 करोड़ रुपए के छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में आरोपी 29 आबकारी अधिकारियों को ईओडब्ल्यू-एसीबी की स्पेशल कोर्ट में उपस्थित होना था, लेकिन अधिकारी पेश नहीं हुए। अगली सुनवाई में अधिकारी नहीं पेश हुए तो कोर्ट उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करेगी। गौरतलब है प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) द्वारा अनुमानित छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में करीब 3200 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ था। घोटाले में 29 आबकारी अधिकारियों को आरोपी बनाया गया था। मामले में आरोपी पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल पर करीब 1000 करोड़ रुपए को चैनलाइज करने का आरोप लगा है।

**23 सितंबर को अगली सुनवाई**

रिपोर्ट के मुताबिक शराब घोटाले में आरोपी 29 आबकारी अधिकारियों को ईओडब्ल्यू-एसीबी की स्पेशल कोर्ट में उपस्थित नहीं होने पर कोर्ट ने सभी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 23 सितंबर को होगी। अगर अधिकारी 23 सितंबर को भी कोर्ट में पेश नहीं हुए तो उनके खिलाफगिरफ्तारी वारंट जारी होगा।

अफसर, नेता और कारोबारी शामिल

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के कार्यकाल में साल 2019 से 2022 के बीच हुए बड़े शराब घोटाले की जांच में सामने आया है कि राज्य की आबकारी नीति में बड़े पैमाने पर बदलाव किए गए, जिसके जरिए 3200 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ। जांच के दायरे में अफ सर, नेता और कारोबारी शामिल हैं।


**छत्तीसगढ़ शराब घोटाला कब शुरू हुआ?** साल 2019 में छत्तीसगढ़ शराब घोटाला की शुरुआत हुई, जब भूपेश बघेल की अगुवाई में कांग्रेस सरकार ने राज्य में आबकारी नीति में बड़े बदलाव किए। नई आबकारी नीति में शराब की खरीदी, वितरण और बिक्री पर राज्य सरकार ने पूर्ण नियंत्रण ले लिया और नकली शराब सप्लाई, नकद लेन-देन और शराब माफिआओं को फेवर देने का खेल शुरू हुआ।

# भादो अमावस्या मेला का शुभारंभ भक्ति और उत्साह का संगम

रायपुर । लोकशक्ति

रायपुर। राजातालाब स्थित श्री रानी सती मंदिर में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भाद्रपद अमावस्या मेला का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हुआ। प्रथम दिवस (22 अगस्त) की सुबह 10:30 बजे दादीजी का स्नान-ध्यान एवं पंचामृत स्नान सम्पन्न हुआ। सायं 8 बजे मुख्य जजमान द्वारा सोडसमातिका पूजन एवं ज्योति प्रज्वलन के पश्चात दादीजी के जयघोष से मंदिर प्रांगण गूँज उठा। इसके उपरांत दादीजी के नयनाभिराम श्रृंगार दर्शन भक्तों के लिए खोले गए और श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ प्राप्त किया।

दीप प्रज्वलन के बाद मंदिर प्रांगण में विराजमान गणेशजी, भगवान शंकर, हनुमानजी एवं पितृ देवताओं का आह्वान किया गया। तत्पश्चात कोलकाता से पधारे आमंत्रित भजन कलाकारों ने अपनी भक्ति-मय प्रस्तुतियों से संपूर्ण वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।



समिति के अध्यक्ष किशोर ड्रोलिया ने बताया भजन संध्या में सुप्रसिद्ध गायक श्याम अग्रवाल (कोलकाता), भजन गायिका राधा श्री (कोलकाता) एवं भजन गायक राम श्याम अवस्थी ने एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी।

प्रमुख भजनों में – आओ आओ गजानंद आओ, वीर हनुमाना अति बलवान, आई झुंझुनू वाली तुम गांव मंगल गीत, मेरा भोला है भंडारी, मेरी मैया की चुनर उड़ जाए, गोविंद तेरी दया से तथा तेरा सिंहासन क्यों हिल रहा है ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मंदिर समिति के कैलाश अग्रवाल ने बताया रात 1 बजे छप्पन भोग का प्रसाद वितरण हुआ, जिसके बाद 1:30 बजे से प्रभाती आरती तक भजन उत्सव चलता रहा। सुबह 4 बजे तक दादीजी के जयघोष और भक्तिरस से मंदिर प्रांगण गूँजता रहा।

श्रद्धालुओं ने देर रात तक भजनों के माध्यम से अपने मन की भावनाएँ दादी माँ के चरणों में अर्पित कीं। भजन संध्या में उपस्थित भक्तगणों ने अनुभव किया कि दादी माँ का आशीर्वाद सदा उन पर बना हुआ है।

# सीएम साय ने कहा– इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल्स और फूड प्रोसेसिंग में हब बनेगा छत्तीसगढ़

## सीएम विष्णुदेव साय 10 दिनों के जापान और साउथ कोरिया दौरे में



**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जापान और साउथ कोरिया के दौरे पर रवाना हुए। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि यह दौरा पूरी तरह उद्योग और निवेश केंद्रित है। सीएम साय ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल्स और फूड प्रोसेसिंग तीन ऐसे सेक्टर हैं जिनमें जापान और साउथ कोरिया ने बेहतरीन काम किया है और इन क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

विष्णुदेव साय ने कहा, नई उद्योग नीति को लेकर सरकार गंभीर है। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर छत्तीसगढ़ की संभावनाओं को प्रस्तुत करना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वे वहां की नामी कंपनियों और उद्यमियों से मिलकर उन्हें छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे।

जापान और कोरिया का अनुभव मार्गदर्शक होगा

सीएम साय ने कहा, हम चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ केवल खनिज और प्राकृतिक संसाधनों के लिए ही नहीं, बल्कि उद्योग, तकनीक और रोजगार के अवसरों के लिए भी जाना जाए। जापान और कोरिया का अनुभव हमारे लिए मार्गदर्शक होगा, इससे न केवल राज्य में नई तकनीक आएगी बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।

अब तक 6.50 लाख करोड़ का एमओयू

इस दौरान विष्णुदेव साय ने कहा, नई उद्योग नीति लाने के बाद 6.5 लाख करोड़ रुपये का एमओयू हुआ है और उसमें से बहुत सारे काम शुरू भी हो गए हैं।

# राज्यपाल श्री रमेन डेका बने छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में टीबी मरीजों के 'निक्षय मित्र'

## देश के पहले राज्यपाल जिन्हें मिली यह अनूठी उपलब्धि

रायपुर,लोकशक्ति

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका ने एक मिसाल कायम करते हुए राज्य के सभी 33 जिलों में उपचाररत कुल 330 टीबी मरीजों, प्रत्येक जिले से 10 मरीजों को 'निक्षय मित्र' बनकर गोद लिया है। राज्यपाल द्वारा मरीजों को उपचार अवधि में पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने हेतु प्रत्येक मरीज को प्रतिमाह 500 रुपये की अनुदान राशि संबंधित जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रदान की जा रही है। श्री डेका ने 31 जुलाई 2024 को छत्तीसगढ़ के 10वें राज्यपाल के रूप में पदभार ग्रहण किया था। पदभार ग्रहण करने के पश्चात जिलों के प्रवास के दौरान उन्होंने




प्रधानमंत्री जी के 'टीबी मुक्त भारत अभियान' को गति प्रदान करने की पहल की। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें कर अभियान की प्रगति की जानकारी ली तथा मरीजों से सीधा संवाद कर उन्हें नियमित दवा और पोषण आहार के महत्व से अवगत कराया।

इस क्रम में उन्होंने सर्वप्रथम राजनांदगांव, बस्तर, धमतरी और गरियाबंद जिलों के टीबी मरीजों को गोद लिया था। तत्पश्चात अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने से पूर्व ही उन्होंने शेष सभी जिलों में भी मरीजों को गोद लेकर अंतिम 33वें जिले कोंडागांव तक यह प्रक्रिया पूरी की और ऐसा करने वाले वह देश के प्रथम राज्यपाल बन गए।

राज्यपाल श्री डेका ने उद्योगपतियों, समाजसेवी संगठनों राइस मिल एसोसिएशन एवं आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे आगे आकर 'निक्षय मित्र' बनें और टीबी मरीजों को गोद लेकर इस जनआंदोलन का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प साकार किया जा सकता है।

## सागर टीएमटी द्वारा प्रायोजित नवम अग्र अलंकरण समारोह के 25 विजेताओं के नाम चयनित

# 28 अगस्त को रायपुर के एस एन पैलेस में संपन्न होगा भव्य अलंकरण समारोह

## सैकड़ो आवेदनों में से सर्वश्रेष्ठ हुए चयनितः चयन समिति ने लिया निर्णय

लोकशक्ति संवाददाता।

अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित सदस्यों की चयन समिति की लगातार चली मैराथन बैठक में सैकड़ो की तादाद में प्राप्त आवेदनों में से सर्वश्रेष्ठ 25 शख्सियतों का चयन किया गया। उक्तआशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक सियाराम अग्रवाल एवं अग्र अलंकरण की संयोजिका डॉ.अनीता मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि, आज सुनील रामदास के जोड़ा स्थित फार्म हाउस में समाज के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ सदस्यों की चयन समिति की बैठक लगातार चली जिसमें आए हुए आवेदनों में एक-एक सदस्य के शानदार परफॉर्मेंस को देखते हुए, बड़ी मशक्कत के साथ सर्वश्रेष्ठ का चयन किया गया। विजेताओं के नाम इस प्रकार से हैं -

(1)स्वर्गीय श्रीमती अंगूरीदेवी श्री मूलचंद अग्रवाल स्मृति अग्रदीप पुरस्कार विजेता - श्री वंश अग्रवाल पुत्र श्री मनोज अग्रवाल डोंगरगढ़ (एम बी ए में दो स्वर्ण पदक)

(2) स्वर्गीय श्रीमती चंदा देवी हनुमान प्रसाद अग्रवाल स्मृति अग्र गौरव पुरस्कार विजेताः श्री केशव गर्ग पुत्र स्वर्गीय विनोद गर्ग, अंबिकापुर को (यूपीएससी की परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त)

(3)स्वर्गीय श्रीमती रामबाई जमुना दास अग्रवाल स्मृति अग्र भूषण पुरस्कार विजेताः श्री ओमप्रकाश अग्रवाल सरायपाली (समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान पर)

(4) स्वर्गीय श्री राम स्वरूप अग्रवाल स्मृति अग्र दानी पुरस्कार विजेता : गोदावरी आनंद आश्रम, चंडीनिडीह रायपुर के निर्माण के लिए गोदावरी इस्पात परिवार को

(5) स्वर्गीय श्रीमती सीता देवी किशन लाल मोदी स्मृति अग्र कीर्ति पुरस्कार विजेता : श्री स्वराज बापोडिया, रायगढ़ को (सी ए की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 6 प्राप्त करने पर)

(6) स्वर्गीय श्रीमती रामदेई शीश राम अग्रवाल स्मृति अग्र शिरोमणि पुरुस्कार विजेता : श्री नवल किशोर अग्रवाल, श्री रामनाथ भीमसेन परिवार रायपुर (समाज के लिए की गई जीवन पर्यंत सेवाओं के लिए)

(7) स्वर्गीय श्रीमती कमला बाई मूलचंद अग्रवाल स्मृति अग्रश्री पुरुस्कार विजेताः कु चारुल गर्ग पुत्री अनिल गर्ग, विश्रामपुर (CGPSC परीक्षा में 36 वाँ स्थान)

**(8) स्वर्गीय श्री हरीश चंद्र अग्रवाल स्मृति अग्र धनवंतरी पुरुस्कारः** डॉ विकास अग्रवाल, रायपुर (स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में अमूल्य सेवाओ के लिए)



(9) स्वर्गीय श्री राजकुमार अग्रवाल स्मृति अग्र पुंज पुरुस्कार विजेता : कु मीमांसा अग्रवाल पुत्री श्री राजकुमार अग्रवाल, बिलासपुर (बारहवीं की प्रवीण्य सूची में सर्वश्रेष्ठ)

(10) स्वर्गीय श्रीमती भंति देवी अमर सिंह स्मृति अग्र मित्र पुरस्कार विजेताः श्री पवन कुमार सुल्तानिया, शिवरीनारायण (वृक्षारोपण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान)

(11) स्वर्गीय श्री गीत गोविंद स्मृति अग्र प्रखर पुरस्कार विजेताः शुभम अग्रवाल, पुत्र श्री मुकेश अग्रवाल, सरगुजा (SSC परीक्षा में ऑल इंडिया में प्रथम स्थान )

(12) स्वर्गीय श्रीमती सुंदर देवी कृष्णलाल अग्रवाल स्मृति अग्र विशारद पुरुस्कार विजेताः कु अनुष्का सुल्तानिया, पुत्री सुधीर सुल्तानिया रायपुर (नृत्य मे उत्कृष्ट प्रदर्शन)

(13) स्वर्गीय श्री नंदराम शंकर लाल स्मृति अग्र विभूति पुरस्कार विजेताः श्री अनिल रतेरिया, रायगढ़ (सर्वश्रेष्ठ निर्भीक पत्रकारिता)

(14) स्वर्गीय श्री रामनाथ अमरावती देवी अग्रवाल स्मृति अग्रश्रेष्ठ पुरस्कार विजेताः

कु. उन्नति मित्तल, पुत्री सुनील मित्तल,अंबिकापुर (ताइक्कांडो में राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर मेडल)

(15) स्वर्गीय श्री सत्यनारायण अग्रवाल स्मृति अग्र ज्योति पुरस्कार विजेताः श्रीमती बबीता अग्रवाल पत्नी श्री प्रमोद अग्रवाल, रायपुर (महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य)

(16) श्रीमती बिमला राधेश्याम सिंघल अग्र रत्न पुरस्कार विजेता : श्री रामदास अग्रवाल, रायपुर (कला एवं संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य लता मंगेशकर के नाम पर दो हाल की स्थापना)

(17) स्वर्गीय श्रीमती सरस्वती देवी गोयल स्मृति अग्र उद्यमी पुरस्कार विजेताः श्री शिखर अग्रवाल पुत्र श्री राजेंद्र अग्रवाल, रायगढ़ (शानदार स्टार्टअप के दम पर 100 करोड़ का टर्नओवर)

(18) स्व. डॉ मातूराम अग्रवाल स्मृति श्रेष्ठ अग्र संस्था पुरुस्कारः श्री रायपुर वेलफेयर फाउंडेशन सोसाइटी रायपुर (उत्कृष्ट संस्था के रूप में लगातार अनेक कार्यक्रम का वर्षभर आयोजन)

संस्था के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष सुनील रामदास अग्रवाल एवं प्रांतीय महामंत्री संजय अग्रवाल ने बताया कि, इस वर्ष प्रतिभागियों की संख्या अत्यंत अधिक रही ।

पूरे प्रदेश में विजेता बनने की होड़ लगी रही, अनेक ऐसे क्षेत्र चिन्हित हुए, इसे ध्यान में रखते हुए भी कुछ नए पुरस्कार घोषित किए गए हैं :

नवम अग्र अलंकरण के विशिष्ट सितारे के रूप में : अग्र गौरव पुरस्कार विजेता की श्रेणी में

(1) श्री मधुसूदन सावडिया, रायपुर (इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल सदस्य चुने जाने पर)

(2)कु. पूर्वा अग्रवाल पुत्री डॉ मोहनलाल अग्रवाल (यूपीएससी में 61वीं रैंक लाकर आईएएस बनने पर)

(3) रायपुर जिला महिला अग्रवाल संगठन(महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में अनेक कार्य करने पर)

(4) कमांडर श्री संदीप मुरारका बिलासपुर (मिलिट्री में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए)

(5) रविशंकर सावडिया रायपुर (CA की परीक्षा में 20 वी रैंक, यूपीएससी की इंडियन कॉस्ट एंड अकाउंट सर्विस में चयनित होने पर)

(6) कमांडर श्रीमति भक्ति मुरारका बिलासपुर (मिलिट्री में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए, ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षित करते हुए उन्हें, उच्च कक्षाओं के योग्य तैयार करना)

(7) एबीसीडीः अग्रवाल बिजनेस एंड कम्युनिटी डेवलपमेंट टीमः संयोजक श्री ललित अग्रवाल एवं सहसंयोजक श्री हजारीलाल मित्तल एवं उनकी पूरी टीम (छत्तीसगढ़ में एक नए स्टार्टअप के माध्यम से हजारों लोगों को जोड़ना सभी को व्यवसाय में तरक्की की ओर अग्रसर करना) को चयनित किया गया है।

अग्र अलंकरण के सह संयोजक डॉ निर्मल अग्रवाल, पंकज अग्रवाल एवं महिला प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती गंगा अग्रवाल, महामंत्री श्रीमती निधि अग्रवाल ने बताया पुरस्कार के लिए पूरे प्रदेश से 100 से अधिक एंट्रीज अलग-अलग पुरस्कार की श्रेणी में प्राप्त हुई थी।

चयन समिति में प्रमुख संरक्षक श्री सियाराम अग्रवाल जी,संरक्षक श्री महेंद्र सेकसरिया दुर्ग, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल, महिला अध्यक्ष श्रीमती गंगा अग्रवाल, प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष सुनील रामदास, युवा अध्यक्ष आशीष महामंत्री संजय अग्रवाल, प्रांतीय महिला महामंत्री निधि अग्रवाल, अग्र अलंकरण कि संयोजीका डॉ अनीता अग्रवाल, सह सयोजक डॉ निर्मल अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, संगठन मंत्री अजय खेतान, सहित सभी जूरी सदस्यों ने अपने-अपने विचार साझा किए, एवं सभी फार्मो की स्क्रुटनी की गई और योग्यता के अनुसार पुरस्कार विजेता का चयन किया गया।

अग्र अलंकरण का कार्यक्रम 28 अगस्त 2025 को S. N पैलेस छेरीखेड़ी में आयोजित है। जहां, इन सभी विजेताओं को 11000 का चेक, उपाधि एवं मोमेंटो, प्रदान किये जाएंगे।

## तोमर बंधुओं की अग्रिम जमानत याचिका खारिज



**रायपुर।** रायपुर में सूदखोरी, जबरन वसूली, मारपीट और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर अपराधों में फरार चल रहे वीरेंद्र और रोहित तोमर को अदालत से कोई राहत नहीं मिली है। बुधवार को सेशन कोर्ट ने दोनों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। वीरेंद्र और रोहित तोमर पर आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पिछले दो महीनों से ये दोनों भाई फरार हैं। रायपुर एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने दोनों की गिरफ्तारी के लिए 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है।

पुलिस द्वारा लगातार फरार रहने की जानकारी दिए जाने के बाद अदालत ने उनकी संपत्तियों को कुर्क करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट के आदेश पर कलेक्टर को निर्देश भेजा गया है, जिसकी जिम्मेदारी तहसीलदार प्रवीण परमार को सौंपी गई है। कुर्क की जाने वाली संपत्तियों में भाठागांव स्थित 'साईं विला' मकान व जमीन समेत राजधानी के आसपास की तीन अन्य संपत्तियां शामिल हैं।

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में एनआईए के विशेष लोक अभियोजक बी. गोपा कुमार का कार्यकाल बढ़ा

**बिलासपुर,** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) के विशेष लोक अभियोजक बी. गोपा कुमार का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के बाद एनआईए ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किया है। देशभर की आठ हाईकोर्ट और विशेष न्यायालयों में नियुक्त विशेष लोक अभियोजकों के कार्यकाल को आगे बढ़ाया गया है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में भी बी. गोपा कुमार अब एनआईए से जुड़े मामलों की पैरवी करते रहेंगे।

## संपादकीय

# आवारा कुत्तों के आतंक से परेशान आम जनता

आम जनता आवारा कुत्तों के आतंक से परेशान है। कई शहरों में कुत्तों की हिंसक घटनाएं देखने को मिल रही है। आवारा पशुओं के मामले में न्यायपालिका को दखल देना पड़ा है, तो जाहिर है कि समस्या ऐसी असहनीय सीमा तक पहुंच गई है, जब इस पर गंभीरता से ध्यान देना होगा। वरना, भविष्य में लोगों को इसकी और महंगी कीमत चुकानी पड़ेगी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के नगरपालिका अधिकारियों को आदेश दिया है कि वे आठ हफ्तों के अंदर राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों से अवारा कुत्तों को हटाएं। कोर्ट ने इन कुत्तों के लिए खास शेल्टर बनाने का निर्देश दिया है। उधर राजस्थान हाई कोर्ट ने आवारा कुत्तों एवं अन्य पशुओं को सड़कों से हटाने का आदेश नगर निकायों को दिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि इस काम में कोई रुकावट डालता है, तो नगर निकाय अधिकारी एफआईआर दर्ज कराने जैसे कानूनी कदम उठा सकते हैं। इन दोनों आदेशों के तर्क को समझा जा सकता है।



## तुमने जो जब कहा मान लिया।

तेरी मुस्कुराहट का राज जान लिया
तेरी हर चाहत को मैंने पहचान लिया।

पास काफी मेहनत से किया हमने
जिंदगी नें जब जो इम्तिहान लिया।

अपनी मर्जी कब चलाई हमने
तुमने जो जब कहा मान लिया।

वे रोज इस तरफहोकर गुजरते हैं
लो इस रास्ते अपना मकान लिया।

उस बात को हमेशा पूरा ही किया
हमने जैसा भी मन में ठान लिया।

आप चाहे जो नाम दें इस दोस्ती को
हमने तो इस पर हमेशा गुमान किया।

**- संजीव ठाकुर ।**

**QR CODE SCAN कर प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़िये ऑनलाईन**

PM : 2024 - Vishwa Sarkar Ka Vikalp

Modimaya_ Vaidik_Netritva

Rashtriya Ekta

DLF-Vadra-Bhrasht Tantra

Silent Assassins Jan11,1966

Accursed & Jihadi Neighbour

# सिंधु की पुकार : संप्रभुता की वापसी और गौरव की बहाली



**अर्जुन राम मेघवाल**
केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्यमंत्री, भारत सरकार

मानसून शब्द पूरे भारत में खुशी और गर्व का संचार करता है। यह नवाचार, नवीनीकरण और राष्ट्र के आर्थिक इंजन को तत्काल गति प्रदान करने का प्रतीक है। भारत की भौगोलिक स्थिति, प्रचुर वर्षा के साथ मिलकर, इसकी नदियों को पुनर्जीवित करती है और देशभर में जल संसाधनों का विस्तार करती है। यह प्रगति के मौसम का प्रतीक है और स्वतंत्रता दिवस समारोहों के साथ मिला दिए जाने पर देशभक्ति की एक अनूठी भावना का संचार करता है। लाल किले की प्राचीर से, प्रधानमंत्री के संबोधन ने एक बार फिर आकांक्षी नागरिकों के लिए एक ऐसा खाका पेश किया जो एक विकसित भारत के निर्माण के व्यापक लक्ष्य को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करता है।

संसद के इस विशेष मानसून सत्र की शुरुआत में, प्रधानमंत्री ने इसे भारत का गौरवशाली सत्र बताया था। भारतीय सैनिकों का शौर्य, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के कारखानों पर निर्णायक प्रहार और सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) का स्थगन–ये सब भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति के सबूत हैं और राष्ट्रीय मानस पर एक अमिट छाप छोड़ते हैं। फिर भी, सभी मुद्दों पर खुलकर चर्चा के लिए सरकार के राजी होने के बावजूद, विपक्ष ने बाधा डालने का रास्ता चुना और व्यापक जनहित की कीमत पर विचार-विमर्श को राजनीतिक नौटंकी में सीमित कर दिया।

देश अरसे से स्वार्थ को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखने की कांग्रेस की पुरानी आदत का बोझ ढोता चला आ रहा है। विभाजन की दुखद विभीषिका से लेकर नेहरूवादी कूटनीति की महंगी पड़ने वाली विफलताओं तक, इतिहास गवाह है कि कैसे इन फैसलों ने भारत की मूल अवधारणा को ही कमजोर कर दिया। सिंधु जल संधि (1960) पर बारीकी से गौर करने पर, जनता और देश के विकास की कीमत पर तुष्टिकरण व अति-उदारता की एक ऐसी कहानी सामने आती है, जिसने राष्ट्रीय विकास की संभावनाओं को निरंतर बाधित किया। यह घोर विडंबनापूर्ण है कि भारत के विकास से जुड़े हितों का त्याग एक ऐसे राजनीतिक आकलन से प्रेरित थे जिसने अपने नागरिकों के कल्याण से ऊपर पाकिस्तान के हितों को तरजीह दी।

मूल रूप से, विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुई सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी), सिंधु नदी प्रणाली के जल का आवंटन पाकिस्तान के पक्ष में (80:20) करती है। सिंधु नदी प्रणाली का उद्गम मुख्य रूप से भारत में है। इस संधि के तहत भारत को पश्चिमी में बहने वाली सिंधु, चिनाब और झेलम जैसी महत्वपूर्ण नदियों पर नियंत्रण छोड़ने के लिए बाध्य होना पड़ा, जिससे वैसे व्यापक जल संसाधन छिन गए जो पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात के विशाल शुष्क एवं सूखाग्रस्त इलाकों का कायाकल्प कर सकते थे। यदि राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जाती, तो सुव्यवस्थित जल अवसंरचना इस इलाके के संपूर्ण विकास की तस्वीर को बेहतर बना सकती थी।

हालांकि, इस महत्वपूर्ण त्याग से व्यापक कूटनीतिक लाभ मिलने की उम्मीदें भ्रामक साबित हुईं। इस संधि के प्रक्रियात्मक संचालन ने चिंताओं को और बढ़ा दिया। इस संधि पर 19 सितंबर 1960 को हस्ताक्षर किए गए थे। लेकिन इसे दो महीने बाद, नवंबर में, संसद के समक्ष रखा गया और वह भी मात्र दो घंटे की औपचारिक चर्चा के लिए। जैसे ही इस संधि से जुड़े तथ्य सामने आए, इसके विभिन्न पहलुओं की पड़ताल के बाद प्रमुख समाचार पत्रों में छपी प्रतिकूल टिप्पणियां सुर्खियों में छायी रहीं। इतने महत्वपूर्ण समझौते के प्रति संसदीय स्तर पर बरते गए इस जल्दबाजी भरे व्यवहार ने लोकतांत्रिक निगरानी, ??पारदर्शिता और तत्कालीन नेतृत्व की दुर्भावनापूर्ण मंशा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

इस सीमित संसदीय पड़ताल के बावजूद, सिंधु जल संधि को भारतीय संसद में भारी विरोध का सामना करना पड़ा। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी, जो उस समय एक युवा सांसद थे, ने चेताते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री नेहरू का यह तर्क बुनियादी रूप से त्रुटिपूर्ण है कि पाकिस्तान की अनुचित मांगों के आगे झुकने से मित्रता और सद्भावना स्थापित होगी।

संसद में 30 नवंबर 1960 को हुई बहस से पता चलता है कि सभी दलों ने इस संधि की आलोचना की थी। अधिकांश सदस्यों ने सरकार की आलोचना की थी और उस पर पाकिस्तान के सामने झुकने तथा भारतीय हितों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था। राजस्थान से कांग्रेस सांसद श्री हरीश चंद्र माथुर, अशोक मेहता, ए.सी. गुहा, कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद केटीके तंगमणि, सरदार इकबाल सिंह, बृजराज सिंह ने इस जल कूटनीति को लेकर स्पष्ट रूप से चिंताएं जाहिर की थी और इसके विफल होने से जुड़े नतीजों के बारे में अंदेशा जताया था। कुल मिलाकर, इस संधि को ÷एकतरफा, न कि लेन-देन पर आधारित÷ कहा जा सकता है।

इस संदर्भ में, यह विडंबना ही थी कि लोकसभा में अपने उत्तर के दौरान प्रधानमंत्री नेहरू ने माननीय सांसदों की बुद्धिमत्ता पर सवाल उठाए और उन्हें कमतर भी आंका। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि संसदों द्वारा की गई आलोचना तथ्य और निहित विचारों से अनजान रहने पर आधारित है। उन्होंने (नेहरू) आगे कहा, ÷मुझे इस बात का दुख है कि इतने महत्वपूर्ण मामले को... एक ऐसा मामला जो न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य से भी जुड़ा है... इतने हल्के में और इतनी लापरवाही एवं संकीर्ण सोच के साथ लिया जा रहा है।÷

इस संधि ने भारत के हितों को कुंद कर दिया और यह पाकिस्तान के लिए एक निर्णायक उपलब्धि साबित हुआ। अयूब खान ने एक सार्वजनिक प्रसारण में स्वीकार किया था कि इस संधि की वैधता और गुण-दोष पाकिस्तान के विरुद्ध थे, लेकिन इस मामले में नेहरू की कूटनीतिक विफलता ने पाकिस्तान को बढ़त दिला दी। 4 सितंबर 1960 को रावलपिंडी में अपने प्रसारण में, अयूब खान ने कहा था, ÷अब जो समाधान हमें मिला है, वह आदर्श नहीं है... लेकिन यह सबसे अच्छा समाधान है जो हमें इन परिस्थितियों में मिल सकता था, इनमें से कई बिंदु, चाहे उनके गुण-दोष और वैधता कुछ भी हों, हमारे खिलाफहैं।÷ ये खुलासे आज भी राष्ट्रीय हित को गौण रखने के पीछे के मकसद पर सवाल खड़े करते हैं।

जैसा कि निरंजन डी. गुलाटी ने अपनी किताब ÷इंडस वाटर ट्रीटीः एन एक्सरसाइज इन इंटरनेशनल मीडिएशन÷ में लिखा है, 28 फरवरी 1961 को खुद प्रधानमंत्री नेहरू ने इस निराशा को स्वीकार करते हुए कहा थाः ÷मुझे उम्मीद थी कि यह समझौता अन्य समस्याओं के समाधान का रास्ता खोलेगा, लेकिन हम वहीं खड़े हैं जहां पहले थे।÷ इस संधि के बाद के घटनाक्रम में आया तीखा अंतर इस समझौते की असमानता को और भी गहराई से रेखांकित करता है। नेहरू की ढिलाई और राष्ट्रीय हित को दरकिनार करने की प्रवृत्ति समय के साथ भारी पड़ती गई। फरवरी 1962 में, 'वाशिंगटन पोस्ट' को दिए एक साक्षात्कार में, प्रधानमंत्री नेहरू ने सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर को ÷आगे की दिशा में एक बड़ा कदम और वास्तव में यह समझौता (कश्मीर के) क्षेत्रीय मुद्दों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण...÷ बताया।

स्पष्ट चेतावनियों के बावजूद, शांति और अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति की चाहत में कांग्रेस नेतृत्व ने भारत की दीर्घकालिक जल सुरक्षा एवं समृद्धि के बजाय कूटनीतिक सुविधावाद को चुना। तुष्टिकरण की यह नीति कई मोर्चों पर राष्ट्रीय प्रगति के लिए हानिकारक साबित हुई। इस संधि से अपेक्षित मनोवैज्ञानिक व भावनात्मक लाभ कभी भी साकार नहीं हुए। इसके उलट, यह युद्धों और निरंतर सीमा-पार तनावों के रूप में दुर्भाग्य लेकर आई। जल-बंटवारे की इस सख्त व्यवस्था ने सूखे से लड़ने, सिंचाई व्यवस्था का विस्तार करने और संवेदनशील इलाकों में कृषि को मजबूत करने हेतु अपने प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने की भारत की क्षमता को सीमित कर दिया। सत्ता-लोलुप शासकों ने आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के प्रति कोई जिम्मेदारी महसूस नहीं की, जिससे भारत कमजोर हो गया। वास्तव में, यह संधि भारत के लिए जल कूटनीति की विफलता और पाकिस्तान के लिए एक राजनीतिक विजय थी।

अब, मोदी सरकार इस ऐतिहासिक भूल को सुधारने की दिशा में एक और निर्णायक एवं साहसिक कदम उठा रही है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने संप्रभु अधिकारों का प्रयोग करते हुए, सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को तब तक के लिए स्थगित कर दिया है जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अंतिम रूप से सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन देना छोड़ नहीं देता। प्रधानमंत्री मोदी जी का स्पष्ट आह्वान राष्ट्रीय हितों को कमजोर करने वालों के लिए एक कड़ी चेतावनी हैः ÷आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते; पानी और खून साथ-साथ नहीं बह सकते।÷ यह कदम पिछली नीतियों से अलग हटकर एक साहसिक और ऐतिहासिक बदलाव का प्रतीक है। यह केवल एक कूटनीतिक पुनर्संतुलन भर नहीं है, बल्कि अपने संसाधनों और किसानों के हितों एवं संबंधित हितधारकों की आजीविका के अवसरों की रक्षा करने के भारत के संप्रभु अधिकार का एक दृढ़ रणनीतिक दावा है - जो पाकिस्तान की ओर से आने वाले लगातार सीमा पार खतरों के सामने ÷राष्ट्र प्रथम÷ के सिद्धांत को सर्वोपरि रखता है।

सिंधु जल संधि का स्थगन कूटनीति से कहीं आगे जाता है–यह विकासशील भारतञ्च2047 के लक्ष्य को साकार करने के भारत के संकल्प को दर्शाता है। अपने जल संसाधनों पर नियंत्रण फिर से हासिल करके, भारत जलवायु के अनुकूल बुनियादी ढांचे का निर्माण कर सकता है, सिंचाई व्यवस्था को मजबूत कर सकता है और औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे सकता है–जोकि एक विकसित राष्ट्र बनने की कुंजी है। यह निर्णय पुराने समझौतों द्वारा थोपी गई सहमतियों का अंत करता है और जल संप्रभुता को प्रगति की बुनियाद के रूप में स्थापित करता है। यह एक ऐसा साहसिक कदम है, जो आत्मनिर्भरता, स्थिरता और समावेशी विकास के मिशन के साथ गहराई से जुड़ा है।

**यह निजी विचार है।**

# कुपोषित बच्चे, देश के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह।

संजीव ठाकुर, स्तंभकार,

## बाल विवाह भी चिंतनीय पहलू।



निश्चित तौर पर बच्चे देश के भविष्य होते हैद्य यदि देश का भविष्य ही कुपोषित कमजोर और अविसित रहेगा, निर्बल रहेगा तो सशक्त विकसित भारत की कल्पना करना बेमानी होगाद्य भारत में बच्चों के भुखमरी,कुपोषण और बाल विवाह एक बड़े अभिशाप की तरह सामने आ रहे हैं, बच्चों के कुपोषण और बाल विवाह देश के लिए एक बड़ी कमजोर कड़ी साबित हो रही है। यह देश की एक प्रमुख समस्या भी हैद्य देश में कुपोषण से बच्चे यानी आने वाले कल के जिम्मेदार नागरिकों की हालत बहुत ज्यादा चिंताजनक हैद्य सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 33 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार है और इनमें 50त्न बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित होकर बीमारी को झेल रहे हैंद्य देश में भले ही जोर शोर से बाल दिवस हर साल मनाया जाता है और उसी पर करोड़ों खर्च कर दिया जाता हैद्य देश में एक महिला तथा बाल विकास मंत्रालय की स्थापना भी की गई है, पर बच्चों के कुपोषण पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका हैद्य ऐसी क्या वजह है की नौनिहालों के पोषण के लिए केंद्र या राज्य सरकार के पास इतने संसाधन होने के बावजूद धन मुहैया नहीं हो पाता हैद्य मलेरिया, टीबी और ना जाने अन्य कितनी बीमारियों पर भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अरबों रुपए खर्च कर दिए हैं, पर जो भारत की मुख्य रीढ़ की हड्डी है यानी कि आने वाले कल के नागरिक वर्तमान के बच्चे यदि कुपोषित हैं तो यह अत्यंत चिंतनीय सोचनीय तथा विचारणीय पहलू हैद्य

इसी तरह बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 लागू होने के पश्चात भी बाल विवाह के प्रकरण हजारों की संख्या में सामने आए हैं। निश्चित तौर पर देश में शिक्षा और जागरूकता की कमी के कारण यह भयावह स्थिति बनी है। दक्षिण के राज्यों में जहां शिक्षा का प्रतिशत काफी अच्छा है पर बाल विवाह के मामले में दक्षिण के राज्य कर्नाटक तथा तमिलनाडु शीर्ष पर मौजूद हैं यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। चिंताजनक लड़कियों के मामले में और ज्यादा है है क्योंकि उनका भविष्य उनकी शिक्षा दीक्षा उनका शारीरिक विकास सब कुछ बाल विवाह से अवरुद्ध हो जाता है। बाल विवाह को रोकने के लिए समस्त रूप से प्रयास किए जाने चाहिए इस विषय में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बाल विवाह रोकने पर और उनके संरक्षण पर काफी प्रयास काफी प्रयास किया है। उनकी जानकारी के अनुसार देश में बाल विवाह तथा लैंगिक मतभेद एक चिंताजनक बड़ा पहलू है जिसे हर संभव प्रयास कर प्रतिबंधित किया जाना चाहिए और इसे केवल सरकारी प्रयासों पर छोड़ देना ना काफी है इसे सामाजिक आंदोलन के रूप में लेकर शिक्षा तथा जागरूकता को भी काफी बढ़ावा देना होगा। इसी तरह देश में कुपोषण के मामले में सरकारी एजेंसियों द्वारा एक आर,टी,आई के जवाब में बताया गया कि 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों संकलित आंकड़ों के मुताबिक 34 लाख बच्चे कुपोषित पाए गए हैंद्य इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्यप्रदेश हैद्य विगत दिनों करोना संक्रमण के कारण भी बच्चे कुपोषित हुए हैं और आने वाले कल के दिन में भी और बच्चों के कुपोषण कथा मृत्यु की आशंका बढ़ गई हैद्य सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 18 लाख बच्चे बहुत ज्यादा कुपोषित है एवं शेष 16लाख बच्चे अल्प कुपोषित हैंद्य जब अरबों रुपए अन्य बीमारियों के संक्रमण में लगाए जा सकते हैं तो एक अभियान के तहत बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए भी मैराथन प्रयास किए जाने चाहिए ।जिससे बच्चे तो कम से कम कुपोषित ना हो वैसे भारत कुपोषण के मामले में वैश्विक स्तर पर बांग्लादेश तथा पाकिस्तान से भी पीछे है उसका नंबर 101वां है, ऐसे हालात में महिला तथा बाल विकास को महिलाओं तथा बच्चों के लिए ही एक विशेष अभियान चलाकर उन्हें कुपोषित होने से बचाना होगाद्य पोषण ट्रैकर के हवाले से बताया गया कि सिर्फ महाराष्ट्र में ही कुपोषित बच्चों की संख्या छह लाख दर्ज की गई है जिनमें 1,57 लाख बच्चे अल्प कुपोषित तथा 4,58 लाख बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। दूसरे नंबर पर बिहार प्रदेश आता है जहां 5लाख कुपोषित बच्चे और तीसरे नंबर पर गुजरात प्रदेश होता है जहां 3:30 लाख बच्चे कुपोषित हैंद्य महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्य प्रदेश बहुत सक्षम और देश के बड़े राज्य हैं, यहां पर स्वास्थ्य विभाग पर अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं, फिर ऐसी क्या वजह है कि बच्चों के कुपोषण की दर इतनी ज्यादा तथा चिंताजनक हो गई हैद्य कुपोषित बच्चे भी बड़े होते हैं तो वह कई बीमारियों को लेकर धीरे-धीरे बढ़ते हैं और इससे उनकी लंबाई तथा स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है देश के 34त्न कुपोषित बच्चों का कद औसत कद से बहुत कम हो जाता हैद्य 21त्न बच्चे जो कुपोषण के कारण यदि वह बच भी जाते हैं तो उनका वजन अत्यंत कम हो जाता हैद्य

ऐसे कम लंबाई तथा कम वजन के बेचारे बच्चे देश का क्या भविष्य बना पाएंगे या देश में अपना योगदान क्या दे पाएंगे। इसीलिए भारत सरकार राज्य सरकारों को कम से कम बच्चों की तरफ तो ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता होगीद्य वैश्विक भूख सूचकांक( ग्लोबल हंगर इंडेक्स) के आंकड़ों के हिसाब से 2021 में भारत 116 देशों में 101 वें स्थान पर पहुंच गया है इस मामले में वह अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल से काफी पीछे हैद्य इस मामले में भारत 2020 में ग्लोबल हंगर इंडेक्स के अनुसार 94 वें स्थान में था, और आज की स्थिति में 101 वे स्थान में पहुंच गया है। इसका सीधा सीधा मतलब है कि हर वर्ष कुपोषण से शिकार बच्चों की संख्या बेतहाशा बढ़ रही है। कुपोषण के मामले में भारत की राजधानी दिल्ली भी पीछे नहीं है दिल्ली प्रदेश की स्थिति भी चिंताजनक है अधिकारी और मंत्री भले बड़े-बड़े दावे करने में पीछे नहीं हटते हैं पर बच्चों की स्थिति चिंताजनक है,दिल्ली में ही 2लाख बच्चे कुपोषित हैं, आंध्र प्रदेश में 2,70लाख बच्चे कुपोषित हैं, कर्नाटक में 2,5 लाख बच्चे उत्तर प्रदेश में 19लाख बच्चे,तमिलनाडु में 1,80लाख ,असम में 1,80लाख और तेलंगाना में 1,60 लाख बच्चे कुपोषण की स्थिति में जी रहे हैं। इस देश में जहां अरबों रुपए सरकार के 40 से ज्यादा विभागों में सालाना खर्च किए जा रहे हैं, तो यह स्वास्थ्य विभाग में विशेष तौर पर बच्चों के लिए खर्च करने रिसर्च करने और उन पर विशेष ध्यान देने में कोताही क्यों बरती जा रही है। यह तथ्य न सिर्फ चिंतनीय है बल्कि स्वास्थ विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी महिला तथा बालकों के विकास के लिए विशेष अभियान चलाकर उनके स्वास्थ्य की रक्षा हेतु निर्देशित किया है। वैश्विक आंकड़े भी यही बताते हैं कि बच्चों को जो कि किसी भी देश का भविष्य होते हैं कुपोषण से हर तरह से सुरक्षित किया जाना सुनिश्चित करना होगा ,अन्यथा ये कुपोषित बच्चे ही आगे चलकर देश के नागरिक नागरिक बनेंगे। ऐसे में आप स्थिति की कल्पना कर सकते हैं

देश की विशाल जनसंख्या को देखते हुए बच्चों के कुपोषण की दर जरूर कम है, लेकिन हर साल इनके कुपोषण की दर की वृद्धि चिंताजनक परिणाम देने वाली ना हो इस पर हम सबको ध्यान देना होगा।

**यह निजी विचार है।**

# डोनाल्ड ट्रंप को कैसे हैंडल करें



हरिशंकर व्यास

ऐसा लग रहा है कि पूरी दुनिया में इस समय सबसे बड़ी चिंता यह है कि अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप को कैसे हैंडल करें। सब अपने अपने तरीके बता रहे हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने कहा कि राष्टपति ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों उनके बहुत गहरे दोस्त हैं। इसके बाद उन्होंने कहा कि वे मोदी को बताएंगे कि ट्रंप को कैसे हैंडल करें। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यह बात मीडिया के जरिए नहीं, बल्कि निजी बातचीत में बताएंगे कि कैसे ट्रंप को हैंडल करें। सोचें, एक राष्ट का प्रधानमंत्री दूसरे देश के प्रधानमंत्री को बताएगा कि एक तीसरे देश के राष्टपति को कैसे हैंडल किया जाएगा। पहले कभी इस किस्म की बात सुनने को नहीं मिली।

इसी तरह जिस समय नेतन्याहू ने यह बात कही लगभग उसी समय ब्राजील के राष्टपति लूला डी सिल्वा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया था। लूला और प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत का मुद्दा यह था कि राष्टपति ट्रंप को कैसे हैंडल करें। ध्यान रहे राष्टपति ट्रंप ने कुछ दिन पहले कहा था कि लूला डी सिल्वा जब कहें तब वे उनसे बात करने को तैयार हैं। लेकिन लूला ने कहा कि वे ट्रंप से नहीं मोदी से बात करें। माना जा रहा है कि ब्राजील के राष्टपति और भारत के प्रधानमंत्री दोनों ने अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों से निपटने या उनको हैंडल करने के बारे में बात की। दोनों की एक रणनीति दिख रही है कि अभी ट्रंप के दबाव के आगे नहीं झुकना है और अभी चुप रहना है। हो सकता है कि ट्रंप को हैंडल करने की यह रणनीति उससे अलग हो जो नेतन्याहू ने मोदी को बताने का वादा किया है।

बहरहाल, इस महीने के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के दौरे पर जा सकते हैं, जहां शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ की बैठक से इतर उनकी चीन के राष्टपति शी जिनफिंग से दोपक्षीय वार्ता हो सकती है। एससीओ सम्मेलन के दौरान चीन में रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन भी मोदी को मिलेंगे। बाद में पुतिन भारत के दौरे पर भी आने वाले हैं। माना जा रहा है कि चीन में राष्टपति शी जिनफिंग, राष्टपति पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी इस बात पर विचार करेंगे कि ट्रंप को कैसे हैंडल किया जाए। वैसे जिनफिंग और पुतिन ने अपने हिसाब से हैंडल किया हुआ है।

राष्टपति ट्रंप चीन पर टैरिफ नहीं बढ़ा रहे हैं, जबकि वह रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीद रहा है। लेकिन उससे कम तेल खरीदने वाले भारत पर उन्होंने 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। हो सकता है कि जिनफिंग समझाएं मोदी को कि उन्होंने कैसे यह किया है। वैसे यह सिर्फ भारत, चीन, रूस या ब्राजील का मामला नहीं है। यूरोपीय संघ के नेता भी इस फिक्र में हैं कि ट्रंप को कैसे हैंडल करें तो जापान और दक्षिण कोरिया के नेता भी परेशान हैं। मेक्सिको और कनाडा वाले तो पहले से ही परेशान हैं। **यह निजी विचार है।**

राज्यपाल से मिले हाई स्कूल के विद्यार्थी

# श्री डेका ने जीवन में सफलता के लिए दिया मार्गदर्शन

लोकशक्ति



**रायपुर,**राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज राजभवन में रेयान इंटरनेशनल स्कूल रायपुर के विद्यार्थियों ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर श्री डेका ने बच्चों को जीवन और कैरियर में सफलता पाने के लिए मार्गदर्शन दिया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। विद्यार्थियों ने राज्यपाल की बातों को पूरे उत्साह से सुना।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से उनके सपनों और हॉबी पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अनुशसान और धैर्य सफलता की कुंजी हैं। यदि किसी परीक्षा में सफलता न मिले तो उसके विकल्प तैयार रखें। विद्यार्थी यूपीएससी की परीक्षा देना चाहते है उसके लिए पूरी लगन के साथ तैयारी करें लेकिन अन्य विकल्पों पर भी ध्यान दें। श्री डेका ने कहा कि हर विद्यार्थी को अपनी हॉबी विकसित करना चाहिए क्योंकि यह व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होते है। एक छात्रा ने संगीत से जुड़े अपने हॉबी का जिक्र किया। इस पर राज्यपाल ने कहा कि संगीत जीवन के लिए महत्वपूर्ण है, इसमे विज्ञान भी निहित है। विद्यार्थियों ने जब राजनीति के बारे में पूछा तो राज्यपाल ने कहा कि अच्छे लोगों को राजनीति में आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि चुनौतियों का समाधान करने के लिए सही समय पर सही निर्णय लेना जरूरी है और गुस्से में कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए। उन्होंने अनुभव, तर्कशक्ति और निर्णय क्षमता को जीवन में सफलता के लिए अहम बताया। श्री डेका ने कहा कि सतत् विकास सबसे जरूरी विषय है। हमें अपनी पृथ्वी और पर्यावरण को बचाने के लिए काम करना होगा। अपने वातावरण को स्वच्छ रखना होगा। छत्तीसगढ़ में 45 प्रतिशत वन क्षेत्र है यह बात उन्हें बहुत प्रभावित करती है।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करें और टॉपर बनने का लक्ष्य रखें। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के बोर्ड परीक्षाओं के टॉपर विद्यार्थियों को उनके द्वारा 5 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि भी दी गई है। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य श्रीमती धनेश्वरी शर्मा, मैनेजर एवं अन्य स्टॉफ के साथ विद्यार्थियों को राजभवन का भ्रमण भी कराया गया।

# वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान : बैंक का संकल्प




संवाददाता

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक ने विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर किया भव्य समारोह का आयोजन

विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस (21 अगस्त) के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक ने अपने पेंशनर्स एवं फैमिली पेंशनर्स के सम्मान और मिलन हेतु एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन नवा रायपुर स्थित बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में किया। इस आयोजन में 200 से अधिक पेंशनर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफ ल बनाया।

इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष श्री विनोद अरोरा ने पेंशनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि ÷बैंक आज जिस ऊँचाई पर है, उसका श्रेय हमारे पूर्व सेवायुक्तों के अथक परिश्रम और योगदान को जाता है। पूरा बैंक परिवार आप सभी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करता है।÷

कार्यक्रम के दौरान पेंशनर्स का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया, जिससे समारोह का माहौल और भी उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय हो गया। कार्यक्रम में बैंक के महाप्रबंधक श्री विजय वसंत रायकवार, श्री आभास सतपथी एवं श्री आशीष कुमार ताम्रकार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन विभाग प्रमुख श्रीमती अक्शा दीप शिखा एक्का ने किया।



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारी अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ अनिश्चितकालीन हड़ताल के तहत बस्तर जिले में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए तिरंगा यात्रा में भाग लेते हुए।



वाराणसी में साइबर धोखाधड़ी में कथित संलिप्तता के आरोप में 29 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# पति की लंबी आयु के लिए महिलाएं करेंगी हरितालिका व्रत 26 को

रायपुर।

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भादो शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर सुहागिन महिलाओं द्वारा राजधानी सहित प्रदेश भर में पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत 26 अगस्त को धारण किया जाएगा। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान भोले शंकर को प्रसन्न करने के लिए माता पार्वती ने भादो तृतीया तिथि पर ही पूजा विधिवत कर उन्हें पाने की मनोकामना की थी तब से यह व्रत महिलाओं द्वारा रात भर भोले भंडारी माता गौरी एवं मां पार्वती की संयुक्त पूजा घरोंघर फूलेरा बांधकर की जाती है। उक्त पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह देखा जा रहा है। बसों एवं ट्रेनों में खचाखच भीड़ जा रही है। छग में यह पर्व धूमधाम से मनाए जाने की परंपरा है। इस दिन महिलाओं द्वारा सुबह से स्नान कर श्रृंगार कर पति की आयु के लिए सज संवरकर निर्जला व्रत किया जाता है। इस व्रत से जहां पति के सभी कार्य भोलेनाथ की कृपा से सफल होते हैं। वहीं द्वितीय दिवस गणेश चतुर्थी के अवसर पर महिलाओं द्वारा व्रत तोड़ा जाता है।

## राजधानी में गणपति उत्सव की तैयारी शहर में धूमधाम से जारी

### गणेश चतुर्थी 27 को –

रायपुर, प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी का पर्व भादो मास शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी कड़ी में राजधानी सहित प्रदेश भर के शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश उत्सव की तैयारियां जोरशोर से जारी है। इस वर्ष जिला प्रशासन द्वारा गणेश संचालक समितियों को सड़कें घेरकर शामियाना न लगाने के निर्देश दिये गये है। साथ ही समस्त घटनाक्रमों के लिए सीसी टीवी लगाने का निर्देश जारी किया है। डीजे रात दस बजे के बाद नहीं बजेंगे। शहर में सदर बाजार, मालवीय रोड, रामसागर पारा, जीई रोड, आमापारा, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, चौबे कालोनी, सुंदर नगर सहित अनेक स्थानों पर गणपति उत्सव की तैयारी के लिए युवाओं की टोली उत्साह से लगी हुई है। 27 से शुरू होने वाला गणेश उत्सव इस बार भी धूमधाम से मनाया जाएगा। अनेक गणेश उत्सव समितियों द्वारा गणेश स्थापना के दौरान रंगीन आतिशबाजी बैंडबाजा एवं बाहर से कलाकारों को बुलाकर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।



# नगर सैनिक भर्ती, चयनित अभ्यर्थियों को उपस्थित होने के निर्देश

**संवाददाता। कोरबा** । कोरबा जिले में छात्रावास ड्यूटी हेतु 65 महिला नगर सैनिक एवं जनरल ड्यूटी हेतु 25 नगर सैनिकों की भर्ती की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 01 सितंबर से 10 सितंबर तक कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निषमन अधिकारी नगर सेना कोरबा में उपस्थिति देने एवं वैध फोटो युक्त परिचय पत्र लाने निर्देषित किया गया है।


## ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड
( पूर्व नाम श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड )

Truhome FINANCE

**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, पहली मंजिल, दरवाजा नंबर 5, पुराना नंबर 11, दूसरी लेन, सेनाटोफा रोड, अलवरपेट, तेनाम्पेट, चेन्नई-600018 **मुख्य कार्यालय:** लेवल 3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा ड्ड कासी, मुंबई-400051 **वेबसाइट:** www.truhomefinance.in

### कब्ज़ा नोटिस

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ पठित (नियम 3) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किया, जिसका विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है, ताकि नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाई जा सके।

उधारकर्ता द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित, वर्ष 2025 की अगस्त माह की 8 तारीख को नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) के प्रभार के अधीन होगा, जो नीचे उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के रूप में होगा।

[ उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।]

**उधारकर्ता का नाम और पता**

1. श्री कुप्पली प्रसाद राव पुत्र श्री कुप्पली वेंकट राव (उधारकर्ता)
2. श्रीमती के. विमलेश राव पत्नी श्री कुप्पाली प्रसाद राव (सह-उधारकर्ता)

पता - बोलार परिसर के पास, देवरीखुर्द, बिलासपुर, छ.ग. - 495004
इसके अलावा 196/197, अटल आवास, बीएसएनएल कार्यालय के पास, देवरीखुर्द, बिलासपुर, छ.ग. - 495004

**डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि**

रु. 18,74,806/- दिनांक 06/06/2025 तक
ऋण खाता संख्या SHLHBILA0000184 और SHLHBILA0000231
मांग सूचना की तिथि - 12.06.2025
प्रतीकात्मक कब्जे की तिथि - 19.08.2025
एनपीए की तिथि - 03.06.2025

**बंधक संपत्ति का विवरण**

आवासीय मकान संख्या: EWS-184, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, दीनदयाल नगर, मौजा देवरीखुर्द, पी.एच. संख्या: 24/31, आरआई सर्कल सिरगिट्टी बिलासपुर, ब्लॉक बिल्हा, तहसील और जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल: 581.04 वर्ग फुट।
सीमा: उत्तर:- EWS-183, दक्षिण:- EWS-185, पूर्व:- EWS-199
पश्चिम:- 6 मीटर चौड़ी कॉलोनी सड़क

**उधारकर्ता का नाम और पता**

1. मेसर्स भवानी ज्वैलर्स ( स्वामी - श्री देवीलाल सोनी, पुत्र - श्री सांगीलाल सोनी) (उधारकर्ता)
पता : भखारा, धमतरी, छत्तीसगढ़ - 493773
2. श्री देवीलाल सोनी पुत्र श्री सांगीलाल सोनी ( सह-उधारकर्ता )
3. श्रीमती लीलादेवी सोनी पत्नी श्री देवीलाल सोनी (सह-उधारकर्ता)
पता - वार्ड क्रमांक 05, भखारा, धमतरी, छत्तीसगढ़ - 493770

**डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि**

रु. 31,83,178/- दिनांक 06/06/2025 तक
ऋण खाता संख्या SLPHRAIP0000238
मांग सूचना की तिथि 12.06.2025
LAN - SLPHRAIP0000238
प्रतीकात्मक कब्जे की तिथि - 22.08.2025
एनपीए की तिथि - 03.06.2025

**बंधक संपत्ति का विवरण**

आवासीय सह व्यावसायिक दुकान/मकान, आबादी भूमि का हिस्सा खसरा नं. 712, ग्राम भखारा, पी.एच. नं. 18 ( पुराना पी.एच. नं. 17), वार्ड नं. 05, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, आर.आई.सी. भखारा, तहसील भखारा, जिला धमतरी, छत्तीसगढ़।
क्षेत्रफल 38.315 वर्ग मीटर
सीमा: उत्तर - कमल यादव, दक्षिण - रागिनी झा, पूर्व - ज्ञानचंद का घर, पश्चिम - सड़क

स्थान : बिलासपुर से धमतरी
तिथि : 19-08-2025 & 22-08-2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी- ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पहले श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)


# छत्तीसगढ़ की धरोहर से रूबरू हुई नई पीढ़ी – जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी में वर्चुअल क्विज ने बढ़ाया उत्साह

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर कवर्धा विधानसभा में तीजा उत्सव का भव्य समापन, बड़ी संख्या में शामिल हुईं माताएँ–बहनें

छत्तीसगढ़ के परंपरा में तीजा त्यौहार महिलाओं का पसंदीदा त्योहार, सभी बहनों के साथ तीजा मनाने का सौभाग्य मिला – श्रीमती रश्मि शर्मा

कवर्धा विधानसभा में तीजा उत्सव का भव्य आयोजन, समापन आडोटोरियम में संपन्न



**कवर्धा, संवाददाता।** उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा जी के नेतृत्व में आयोजित तीजा उत्सव मिलन कार्यक्रम का समापन स्थानीय आडोटोरियम, कवर्धा शहर मंडल की बहनों के बीच हुआ। यह कार्यक्रम क्रमशः कवर्धा ग्रामीण, भोरमदेव, रेंगाखार, लोहारा, पिपरिया एवं बोडला मंडल में आयोजित होने के बाद संपन्न हुआ।

पूरे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माताओं-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी मंडलों में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि शर्मा उपस्थित रही और क्षेत्र की बहनों के साथ पारंपरिक तीजा पर्व मनाया।

**श्रीमती रश्मि शर्मा ने कहा—**

छत्तीसगढ़ में अनेक तीज-त्योहार मनाए जाते हैं, लेकिन तीजा पर्व महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। यह पर्व मायके की यादों से जुड़ा है, जिसमें महिलाएँ माता-पिता, भाई-बहनों के संग मनाती हैं और पति की लंबी आयु की कामना करती हैं। स्वास्थ्य कारणों से मैं पिछले वर्ष उपस्थित नहीं रही थी, इसलिए इस बार मैंने दोगुना आनंद लिया। सातों मंडलों में जाकर बहनों के बीच नृत्य, गायन, ड्रेस एवं पकवान प्रतियोगिता और जलेबी दौड़ जैसे खेल का आनंद लिया। बहनों-माताओं के इस पारंपरिक त्योहार की मिठास ही अलग है। तीजा तिहार मनाने की जिम्मेदारी इस बार आप सबकी रश्मि भाभी ने निभाई। कवर्धा विधानसभा के सातों मंडलों की माताओं-बहनों ने जिस उत्साह से भाग लिया उसके लिए मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लगी पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं का भी विशेष आभार। एक भाई और बेटे की तरह मुझे आप सभी माताओं-बहनों का प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद हमेशा मिलता है, यही मेरा सबसे बड़ा संबल है। ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूँ कि सबका जीवन मंगलमय हो और यह पर्व सभी के जीवन में आनंद व उत्सव लेकर आए। इस अवसर पर क्षेत्र की बड़ी संख्या में माताएँ-बहनें उपस्थित रही और पूरे उत्सव को यादगार बनाया।

## रायपुर : सहकार भारती का प्रथम राष्ट्रीय बुनकर अधिवेशन 23 अगस्त को

### केन्द्रीय कपड़ा मंत्री श्री गिरिराज सिंह करेंगे कार्यक्रम का उद्घाटन

**रायपुर** सहकारिता के माध्यम से बुनकर समाज को नई दिशा देने और उन्हें संगठित करने के उद्देश्य से सहकार भारती द्वारा दो दिवसीय प्रथम राष्ट्रीय बुनकर अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। यह अधिवेशन राजधानी रायपुर के जैनम मानस भवन में 23 अगस्त को सुबह 11 बजे से आयोजित होगा।

कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय कपड़ा मंत्री श्री गिरिराज सिंह करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री द्वय श्री अरूण साव एवं श्री विजय शर्मा तथा मंत्री द्वय श्री रामविचार नेताम, श्री लखनलाल देवांगन शामिल होंगे। विशेष अतिथि के रूप में सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ ही महापौर श्रीमती मीनल चौबे की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

# छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर सभी विभागों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

### कलेक्टर बैठक लेकर दिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश

### आदि कर्मयोगी अभियान का 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाएगा आयोजन





**जांजगीर-चांपा /** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली और राज्य शासन द्वारा 15 अगस्त से प्रारंभ किए गए छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत, वार्ड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत दे। उन्होंने कहा कि सभी विभागों द्वारा आयोजित गतिविधियों में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक एवं अधिक से अधिक संख्या में आमजनो को शामिल करना सुनिश्चित करें। बैठक में वन मंडलाधिकारी श्री हिमांशु डोंगरे, जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर श्री आर.के. तंबोली, संयुक्त कलेक्टर श्री संदीप सिंह ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। जिले में आदि कर्मयोगी अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय परिवारों को सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं से अधिकतम लाभान्वित करना है। इसके अंतर्गत जिले के 21 ग्रामों को शामिल किया गया है। जिनमें बलौदा विकासखंड के कुदरी, करमा, खारी, छीतापाली, केराकछार, कण्ड्रा, देवरी, सत्तीगुड़ी, नवागांव, रैनपुर, नवागढ़ विकासखंड के गाड़ापाली, करमंदी, अकलतरा विकासखंड के कटघरी, परसाही (नाला), महमपुर, बाना, सराईपाली, बम्हनीडीह विकासखंड के पोड़ीकला, नवागांव, पूछेली एवं खपरीडीह है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के 21 ग्रामों का चयन किया गया है। अभियान के लिए ग्राम स्तर पर एनजीओ, स्वयंसेवी संगठन, पंचायत प्रतिनिधि और युवाओं को जोड़ा जाएगा। शासकीय सेवाओं के सुगम पहुंच के लिए आदि सेवा केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इनके माध्यम से बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी करीब 25 योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जाएगा।

## ढाबा मालिक भूपेंद्र साहू ने पेश किया ईमानदारी का मिशाल



**जांजगीर चांपा /** सिलादेही की ढाबा मालिक ने आज ईमानदारी का मिशाल समाज के बीच पेश किया है जिसमें उन्होने ग्राहक की भूले बैग जो एक लाख रुपए से भरा था उसे थाना पहुंचाया है। यह मामला आज दिनांक का थाना बिर्रा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलादेही दादू ढाबा का है जहां ध्रुव कुमार अग्रवाल पिता सुभाष अग्रवाल निवासी जैजैपुर द्वारा एक बेग मे रखे 1 लाख को ढाबा में भूल गया था जिसको ढाबा मालिक भूपेंद्र साहू के द्वारा थाना लेकर आने पर ध्रुव कुमार अग्रवाल को सकुशल 1 लाख रूपए को लौटाया गया ।

# बलौदा पुलिस की सक्रियता से शातिर मोटर सायकल चोर पकड़ाया

### अलग-अलग स्थानों से घूम-घूमकर मोटर सायकल चोरी करने वाले 2 आरोपी सहित 1 खरीददार गिरफ्तार

### आरोपीयों के कब्जे से चोरी किये गये 15 नग मोटर सायकल किया गया बरामद




**जांजगीर चांपा /** बलौदा पुलिस की सक्रियता से शातिर मोटर सायकल चोर के साथ एक खरीददार पकड़ाया है । ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिला पुलिस जांजगीर चांपा द्वारा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। थाना बलौदा में मोटर सायकल चोरी की सूचना रिपोर्ट पर दिनांक 2 अगस्त 2025 अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर चोरी गए मोटर सायकल एवं आरोपियों कि पतासाजी की जा रही थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में थाना बलौदा पुलिस द्वारा चोरी गए मोटर सायकल एवं आरोपियों की पातासाजी की जा रही थी। इसी क्रम में प्रदीप कुमार सोरी के नेतृत्व में जरिये मुखबिर सूचना पर ग्राम पडरिया निवासी कोंदा गोंड उर्फअनिल एवं पिन्टु साहु को पुलिस हिरासत में लेकर मोटर सायकल चोरी के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि सब्जी मार्केट बलौदा से एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 10 एआर 3611 को दोनो साथ मिलकर चोरी करना बताए तथा पुलिस द्वारा कडाई से पूछताछ करने पर जांजगीर, बिलासपुर, कोरबा एवं अन्य जगहो से घूम-घूम कर और भी 14 नग मोटर सायकल चोरी करना बताया और चोरी के मोटर सायकल को अपने कब्जे में छिपाकर रखना एवं एक मोटर सायकल को शंकर धनुहार निवासी कोटगढ को बिक्री करना बताए । इस प्रकार आरोपियों के कब्जे से कुल 15 नग मोटर सायकल किमती 6,45,000 रू को बरामद कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम अनिल उर्फकोंदा पिता छेदी लाल उम्र 30 वर्ष निवासी -पड़रिया थाना अकलतरा , पिंटू साहू पिता स्व. बनउ राम साहू उम्र 20 वर्ष निवासी कोटमीसोनार , शंकर धनुहार पिता शनिराम धनुहार उम्र 27 वर्ष ग्राम बरगंवा, कोटगढ थाना अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा शामिल है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव थाना प्रभारी बलौदा, सउनि प्रतिभा राठौर, प्र0आर0 गजाधर पाटनवार, प्र0आर0 मुकेश यादव, जितेन्द्र परिहार, सहेतर पाटले, आरक्षक ईश्वरी राठौर, श्याम राठौर, प्रहलाद निर्मलकर का सराहनीय योगदान रहा।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का एक दिवसीय हड़ताल, 11 सूत्रीय मांगो को लेकर सरकार के खिलाफ लगाई नारेबाजी




**राजनांदगांव।** आज कर्मचारी अधिकारी फेडरेसन के बैनर तले संस्कारधानी राजनांदगाव जिला मुख्यालय मे अपनी 11 सूत्रीय चरण बद्ध आंदोलन के तहत आज 22 अगस्त 2025 को राजनांदगाव जिले के समस्त विभाग के कर्मचारी और अधिकारी आज हड़ताल मे रहकर जिला कलेक्ट्रेट के सामने एक दिवसीय हड़ताल कर सभी संघ प्रमुखो ने सभा को सम्बोधित किये . यहां उपस्थित भीड़ मे सबसे ज्यादा सहायक शिक्षक /शिक्षक/व्याख्याता लोगो की उपस्थिति थीं, बाकि अन्य 56 विभाग के सभी कर्मचारी अधिकारी आज आंदोलन मे रहकर सरकार के खिलाफ नारे बाजी किये।

शालेय शिक्षक संघ राजनांदगाव के जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की आज हम लोग 11 सूत्रीय मांगो के लेकर हड़ताल मे है जिसमे मोदी की गारंटी को लागू करवाना, पिंगुवा कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करना, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति, समस्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने, तृतीय समयमान वेतन मान देने और समस्त शिक्षकों की नियुक्ति तिथि से सेवा गड़ना करने सहित कैश लेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करना, देय एरियश को समायोजित करना, अनुकम्पा नियुक्ति आदि 11 सूत्रीय मांगो के सम्बंध मे सुशील शर्मा ने जोरदार भाषण बाजी किये।

# छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0 : महुदा (ब) जुनाडीह में हुआ वृहद पौधरोपण

लोकशक्ति


### अतिक्रमण मुक्त एवं शासकीय जमीन पर प्रशासन और उद्योगों के सहयोग से जिले में हो रहा वृक्षारोपण



**जांजगीर-चांपा /** छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत बलौदा विकासखंड अंतर्गत ग्राम महुदा (ब) जुनाडीह में एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0 के तहत पौधरोपण किया गया। जिला प्रशासन और रेडिएंट कोल बेनिफिक्रेशन प्राइवेट लिमिटेड व महावीर कोलवाशरी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से ग्राम महुदा (ब) जुनाडीह के अलग-अलग स्थानों में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत दोनों उद्योगों द्वारा 10-10 हेक्टेयर भूमि पर 10-10 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। पौधों की फेंसिंग, सिंचाई एवं सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संबंधित इंडस्ट्रीज के द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आंवला, पुलिस अधीक्षक श्री विजय पांडेय एवं डीएफओ श्री हिमांशु डोंगरे ने आम का पौधा लगाया। वृक्षारोपण में काला शीशम, करंज, आम, आंवला, अमरूद, कोइलार, कटहल, नीम एवं सफेद शीशम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाये गये। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बलौदा अध्यक्ष श्रीमती शारदा सनत देवांगन, एसडीएम श्री सुमित बघेल, सरपंच, अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण नागरिक एवं स्व-सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री महोबे ने नागरिकों से अपील की कि सिर्फ पौधा लगाना ही नहीं, उसकी देखभाल करना भी सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने कहा। पुलिस अधीक्षक श्री पांडेय ने भी कहा कि वृक्षारोपण तभी सार्थक होगा जब हम लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करेंगे। कलेक्टर ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की। कलेक्टर ने ब्लॉक स्तर पर आजीविका गतिविधियाँ शुरू करने हेतु कार्यशालाएँ आयोजित कर महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए।

## प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से श्री योगेंद्र सिंह साहू का घर हो रहा रोशन, मिली राहत शून्य हुआ बिजली बिल



**जांजगीर-चांपा /** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने जिले में आम नागरिकों के जीवन को नई दिशा दी है। अब लोग अपने घर की छतों पर सौर ऊर्जा से बिजली उत्पन्न कर न सिर्फ घरेलू जरूरतें पूरी कर रहे हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर आय का साधन भी बना रहे हैं। इस योजना ने उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का बोझ कम कर आर्थिक बचत और पर्यावरण संरक्षण दोनों का मार्ग प्रशस्त किया है।

जांजगीर के हसदेव विहार कालोनी के निवासी श्री योगेंद्र सिंह साहू प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों में से एक हैं। उन्होंने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम स्थापित किया है। इसके लिए उन्हें शासन से सब्सिडी भी प्राप्त हुई। श्री साहू बताते हैं कि पहले हर महीने उनका बिजली बिल 4 हजार से 5 हजार रुपए तक आता था, जिससे परिवार का बजट प्रभावित होता था। लेकिन सोलर सिस्टम लगने के बाद से उनका बिजली बिल पूरी तरह शून्य हो गया है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को कम ब्याज दर पर ऋण और सब्सिडी प्रदान की जा रही है। श्री योगेन्द्र सिंह साहू ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना वास्तव में दूरदर्शी और आम जनता के लिए उपयोगी साबित हो रही है। उन्होंने अन्य नागरिकों से भी इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।

## आज मोतीपुर में आयुष विभाग द्वारा एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन

संवाददाता।

आज दिनांक 23/08/2025 दिन-शनिवार को समय प्रातः 08.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक स्थानीय शासकीय भवन, आजाद चौक मोतीपुर, राजनांदगांव में आयुष विभाग, राजनांदगांव द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. शिल्पा मिश्रा, जिला आयुष अधिकारी, राजनांदगांव द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा उपचार कर निःशुल्क औषधियों का वितरण किया जावेगा।

**वाहन पार्किंग, तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला चिकित्सालय, पंडरी, रायपुर के दोनो भवनों (मातृ एवं शिशु चिकित्सालय, पुलिस लाइन, कालीबाड़ी, रायपुर एवं जिला चिकित्सालय, पंडरी, रायपुर भवन) में वर्ष 2025–26 के लिए वाहन पार्किंग निविदा हेतु संयुक्त निविदा मुहरबंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। आवश्यक नियम एवं शर्तें कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:30 बजे तक रू. 500/– की रसीद प्राप्त कर जिला चिकित्सालय, पंडरी, रायपुर के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| 01. निविदा प्रपत्र का मूल्य | – रू. 500/– (वापसी अयोग्य) |
| 02. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि | – 02.09.2025 सायं 05:30 बजे तक |
| 03. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | – 03.09.2025 दोपहर 02:00 बजे तक |
| 04. निविदा खोले जाने की तिथि | – 03.09.2025 सायं 04:00 बजे |

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय, रायपुर (छ.ग.)

G-252602996/1

# आकृति महिला मंडल ने स्वच्छता दीदियों का किया सम्मान




**जांजगीर चांपा ।** अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र के आवासीय परिसर में आकृति महिला मंडल (सीनियर क्लब) द्वारा तीज व पोला उत्सव के अवसर पर स्वच्छता कार्य में संलग्न दीदियों को उपहार में साड़ी बांटा गया। उल्लेखनीय है कि आकृति महिला मंडल मड़वा द्वारा समय-समय पर परोपकार व सामाजिक कार्य किए जाते हैं। आकृति महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती शशि कोसरिया के हाथों सभी स्वच्छता दीदी व बहनों को साड़ी का वितरण किया गया। श्रीमती कोसरिया ने सभी दीदियों की सराहना करते हुए कहा कि इनके योगदान की वजह से हमारा आवासीय परिसर व क्लब साफ-सुथरे रहते हैं। कार्यक्रम में महिला मंडल की उपाध्यक्ष अनीता द्विवेदी, गंगोत्री ध्रुव, संगीता साव, विजया शाह, सचिव प्रीति बंजारे, सहसचिव अर्चना लकरा , कोषाध्यक्ष सुनीता परगनिहा, खेल सचिव देवश्री ठाकुर व यशु साहू, सांस्कृतिक सचिव दिव्या पित्रोदा व अर्पणा झा समेत कार्यकारिणी सदस्याएं उपस्थित रहीं।




## मवेशियों की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जांजगीर चांपा /** मवेशियों की तस्करी करने वाले दो आरोपीयों को नवागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिसमें गिरफ्तार आरोपी का नाम अरुण कुमार टंडन , कृष्ण कुमार कश्यप निवासी जमडी शामिल है। मामले का विवरण इस प्रकार है कि थाना नवागढ़ पुलिस को दिनांक 20 अगस्त 25 को सूचना मिला कि नवागढ़ क्षेत्र में एक पिकअप वाहन में गाय बैल बछड़े को ठुस ठुस कर, भर कर क्रूरता पूर्वक बूचड़खाने में काटने के लिए ले जा रहे हैं, की सूचना थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर रेड कार्यवाही कर 6 नग गाय, 4 बैल एवं 2 बछिया को आरोपियों के कब्जे से बरामद किया जाकर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी नवागढ़, सउनि संतोष क्रिकेटर, आरक्षक राजू कश्यप, संजय टंडन, अंजनी कुमार कश्यप एवं थाना स्टॉप का सराहनीय योगदान रहा।

## खास खबर

### महापौर संजू देवी राजपूत ने खरमोरा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में किया निरीक्षण

**कोरबा।** कोरबा जिले के वार्ड क्रमांक 34 स्थित खरमोरा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की बदहाल स्थिति का संज्ञान लेते हुए नगर निगम कोरबा महापौर संजू देवी राजपूत स्वयं कॉलोनी पहुंचीं। उन्होंने पूरे कॉलोनी का घूम-घूमकर निरीक्षण किया और नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना।

कॉलोनीवासियों ने महापौर को बताया कि यहां नाली के अभाव में गंदा पानी सीधे सड़क पर बहता है, जिससे जगह-जगह कीचड़ और दुर्गंध फैल रही है। नियमित झाड़ू न लगने और सफाईकर्मियों की लापरवाही से पूरा इलाका गंदगी का ढेर बन गया है। लोगों ने चिंता जाहिर की कि इस लापरवाही के कारण बच्चों और बुजुर्गों को बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

महापौर संजू देवी राजपूत ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और जोन प्रभारी भूषण उरांव को फटकार लगाते हुए कहा की ÷जनता की परेशानी को अनदेखा करना अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सफाई और नाली की समस्या पर तुरंत कार्यवाही हो। जो भी ठेकेदार या कर्मचारी लापरवाही करेगा, उस पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सफाई व्यवस्था सुधारने और नाली निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, पूर्व पार्षद दीपक यादव सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। महापौर ने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा और जल्द ही कॉलोनी में साफ-सफाई एवं पानी निकासी की स्थिति में सुधार नजर आएगा।

### महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई के दौरान आबकारी टीम पर ग्रामीणों ने किया हमला, अपराध दर्ज

**कोरबा।** कोरबा जिले में बुधवार को महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई के दौरान आबकारी विभाग की टीम पर हमला कर दिया गया। ग्रामीणों ने टीम पर पथराव कर दिया। साथ महिला अधिकारी के साथ धक्का-मुक्की की गई। यह घटना उरगा थाना क्षेत्र के आमापाली गांव की है।

दरअसल, सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम 6 गाड़ियों में गांव में दबिश दी। यहां शंकर खड़िया के घर से करीब 22 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान शंकर को वाहन में ले जाया जा रहा था, तभी ग्रामीणों ने विरोध करते हुए टीम पर पथराव कर दिया। टीम में शामिल महिला नगरसेन रंजीत बघेल के साथ कुछ महिलाओं ने धक्का-मुक्की भी की। ऐसे में टीम को शंकर खड़िया को छोड़कर वापस लौटना पड़ा। इस घटना के बाद आबकारी टीम ने उरगा थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

ग्रामीणों का भी आरोप है कि कार्रवाई के दौरान आबकारी विभाग ने उनके साथ हाथापाई की है। इस पूरे मामले में प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि आबकारी विभाग की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# समय सीमा की बैठक में विभागीय कामकाज की हुई समीक्षा

### रजत जयंती वर्ष मनाने निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार गतिविधियों का आयोजन सुनिष्चित करें विभाग : कलेक्टर

### अटल डिजिटल डैशबोर्ड अंतर्गत केपीआई में प्रगति लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

कोरबा संवाददाता



कलेक्टर श्री अजीत वसन्त ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाजों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एक माह से अधिक समय के लम्बित प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों और विभागों को दिए गए निर्देशों के तहत आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा सभी विभागों के लिए कैलेण्डर निर्धारित कर कार्यक्रम का आयोजन के निर्देष दिए गये हैं। कलेक्टर ने कोरबा जिले में रजत जयंती वर्ष के दौरान कैलेण्डर अनुसार गतिविधियों का आयोजन करते हुए व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देष दिए।

कलेक्टर वसन्त ने अटल डिजिटल डैशबोर्ड के अंतर्गत षामिल विभागों के कार्यो की गहन समीक्षा की। उन्होंने कम केपीआई वाले विभागों को महत्वपूर्ण इंडिकेटर्स में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, पीएमजीएसवाय, आबकारी, व्यापार एवं उद्योग, श्रम, नगर निगम,समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य, खाद्य विभाग, क्रेडा के अधिकारियों को केपीआई के इंडिकेटर्स को ध्यान रखकर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सभी विभाग दिए गए डाटा का परीक्षण कर योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिष्चित करें और प्रगति लाने का कार्य सुनिष्चित करें।कलेक्टर ने विभिन्न पंचायतों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस)में खाद्यान्न में गबन करने वाले समूह तथा संचालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए राषि वसूली करने अथवा कुर्की की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देष एसडीएम को दिए।

कलेक्टर श्री वसन्त ने समय सीमा की बैठक में लोक सेवा केंद्र अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा के भीतर निराकरण के निर्देष देते हुए आवेदन प्राप्त होने पर प्रकरण निरस्त नहीं करने और आवेदन को वापस नहीं करने के निर्देष दिए। उन्होंने महाप्रबंधक उद्योग विभाग को निर्देषित किया कि विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों का चयन गुणवत्ता के साथ करते हुए प्रकरणों की स्वीकृति और वितरण में प्रगति लाएं। कलेक्टर ने नगरीय निकाय अंतर्गत आबंटन राषि प्राप्त होने पर संबधित कार्य में राषि व्यय करने के निर्देष दिए। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ को पीएम जनमन अंतर्गत कार्यों, अन्य निर्माण कयों में प्रगति लाने, भुगतान समय पर करने के संबंध में निर्देष दिए।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने सभी विभागों को ई-ऑफिस के माध्यम से फाइलों को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस षनिवार को बाल सम्प्रेक्षण गृह के नये भवन में बच्चों को षिफ्ट कर संचालन प्रारंभ करने के निर्देष महिला एवं बाल विकास विभाग के डीपीओ को दिए। कलेक्टर ने बचे हुए लोगों के आयुष्मान-वयवंदन कार्ड व आधार अपडेषन में प्रगति लाने के निर्देष दिए। उन्होंने अधीक्षिका निवास निर्माण के लिए प्रक्रिया प्रारंभ करने, इलेक्ट्रनिक आटो के लिए अलग से स्टैण्ड बनाने के निर्देष दिए। समय सीमा की बैठक में अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई।

### (कोरबा) विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए शिविर आयोजन की तिथि तय

कोरबा कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा विषेष आवष्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय मेगा षिविर एवं विकासखंड स्तरीय आंकलन षिविर आयोजित करने की तिथि निर्धारित कर दी गई है। षिविर का उद्देष्य विषेष आवष्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवष्यकता निर्धारण के साथ यूनिक आईडी कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाना एवं सभी प्रकार के दिव्यांगता आधारित मूल्यांकन एवं परीक्षण किया जाना है। षिविर के सफल संचालन हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक समाज कल्याण, जनपदों के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सर्व विकासखंड षिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एण्ड गाईड, समस्त शैक्षिक समन्वयक स्कूल षिक्षा विभाग और समस्त पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा को विभिन्न दायित्व सौंपा गया है। जारी आदेष के अनुसार जिला स्तरीय मेगा षिविर का आयोजन 23 अगस्त को प्रातः 10 बजे शाम 04 बजे तक सीएसईबी सीनियर क्लब में किया जायेगा।

# पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.राजीव गांधी का 81 वां जन्म दिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया

कोरबा संवाददाता।



जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.राजीव गांधी जी का 81 वां जन्म दिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर टी. पी. नगर कोरबा में स्व0 राजीव गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उपस्थित समस्त कांग्रेस जनों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत ने कहा कि स्व. राजीव गांधी जी की आत्मीय सोच थी कि पंचायती राज के माध्यम से गांव के व्यक्ति को अपने मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों का पूर्ण ज्ञान हो और वह उसका ईमानदारी से पालन करें। गांव की पंचायत को खुद निर्णय लेने का अधिकार हो उन्होंने कहा था राष्ट्रवाद, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी विचारधारा ही हमारे महान देश की अकेली प्रासंगिक विचारधारा है।

उन्होंने भारत रत्न स्व. राजीव गांधी जी को याद करते हुए कहा कि राजीव गांधी का अभूतपूर्व योगदान महिला वर्ग को सत्ता में अधिकाधिक भागीदार बनाने के लिए रहा उन्होंने महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में 33 प्रतिशत की भागीदारी हेतु रूपरेखा पहले से ही बना दी थी। जिसके वर्तमान में सुपरिणाम देखने को मिल रहा था।

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि स्व. राजीव गांधी जी के कारण ही पंचायती राज कायम हुआ है। पूरे देश में उनके द्वारा भ्रमण कर सभी वर्गों से विचार विमर्श कर देश के प्रगति के लिए विकास योजना को नया आयाम दिया गया है। कोरबा जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्राम रंजना में उनका आगमन हुआ था। श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि स्व. राजीव गांधी जी के अंदर उत्कृष्टता का जुनून था। हर क्षेत्र में चाहे छात्र जीवन हो या पायलट या राजनीति सभी में उत्कृष्टता हासिल की। स्व. राजीव गांधी जी की सोच एवं प्रयास पूर्ण रूप से राष्ट्र निर्माण एवं अंतर्राष्ट्रीय क्षितीज में भारत को एक विशिष्ट स्थान दिलाने हेतु केन्द्रित है।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव, ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनोज चैहान, नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष सपना चैहान, सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, हरीश परसाई, प्रदेश सचिव विकास सिंह, बी एन सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष नारायण कुर्रे, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष बृजभूषण प्रसाद, ब्लॉक अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, संतोष राठौर, टीकाराम मनहर, प्रदीप अग्रवाल, बसंत चंद्रा, मंडल पालूराम साहू, रोपा तिर्की, अश्वनी पटेल, मनीष शर्मा, बुद्धेश्वर चैहान, सुरती कुलदीप, अध्यक्ष आई टी सेल अमित सिंह, सांसद प्रतिनिधि विनोद अग्रवाल, सुरेश सहगल, सुनील जैन, पार्षद मधुसुदन दास, बद्रीकिरण, अविनाश बंजारे।

## डीएमएफतथा सीएसआर से होगा मड़वारानी धार्मिक स्थल का विकास, श्रद्धालुओं को मिलेगा लाभ

### कलेक्टर ने किया मड़वारानी मंदिर परिसर का दौरा, समिति की मांग पर पेयजल, शेड निर्माण, हॉल और रेलिंग की दी सहमति

कोरबा

कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कोरबा चाम्पा मार्ग पर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माँ मड़वारानी मंदिर स्थल का दौरा किया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों और मंदिर से संबंधित समिति के सदस्यों से चर्चा की। समिति की सदस्यों और अन्य ग्रामीणों द्वारा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानियों से कलेक्टर को अवगत कराते हुए विभिन्न मांग रखी गई।

समिति के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि के समय यहाँ हजारों श्रद्धालुओं का आना होता है। इसके साथ ही अन्य दिनों में भी आसपास सहित दूरदराज के श्रद्धालु देवी के दर्शन सहित अपनी मनोकामना और आस्था के मद्देनजर आते हैं। यहाँ उन्हें विश्राम और लंबी कतार होने पर गर्मी के दिनों में धूप में तथा बारिश के दिनों में बारिश में खड़ा होना पड़ता है। गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या भी उतपन्न होती है। कलेक्टर श्री वसंत ने स्थानीय ग्रामीणों और मंदिर समिति के सदस्यों के

से आई मांग को गंभीरता से लेते हुए मंदिर परिसर को संवारने सहित श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अनेक मांगो पर सहमति दी। कलेक्टर ने जिला खनिज न्यास मद और सीएसआर से श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए तीन शेड निर्माण, एक हॉल, दर्शनार्थियों के कतारबद्ध होने के लिए स्टील की रेलिंग और छायादार शेड निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने की बात कही।

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चे

कोरबा संवाददाता।

केंद्रीय विद्यालय 3 कुसमुंडा में ष्एक भारत-श्रेष्ठ भारत और राष्ट्रीय एकता पर्व मनाया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं संकुल स्तर पर गई। मुख्य अतिथि एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के महाप्रबंधक और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एस.टी. पाटिल थे। विशेष अतिथि प्राचार्य योगेश गुप्ता एवं उपप्राचार्य बी. केरकेट्टा थे। प्राचार्य योगेश गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया।

विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत और राष्ट्रीय एकता पर्व के अंतर्गत विभिन्न आयोजित प्रतियोगिता जिसमें समूह नृत्य, एकल नृत्य, नाटक, पारंपरिक कहानी वाचन, वाद्य यंत्र वादन, एकल नृत्य, एकल गान, समूह गान, चित्रकला, मूर्ति कला में अपनी अभिव्यक्ति दी। मुख्य अतिथि पाटिल विभिन्न विद्यालय से आए हुए विद्यार्थियों से कहा कि भारत को जोड़े रखना हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। अनेकता में एकता है यही भारत की विशेषता है। आज विद्यार्थी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के माध्यम से आगे बढ़ रहे हैं और विभिन्न प्रतियोगिता के द्वारा अपने व्यक्तित्व को निखार रहे हैं।

कार्यक्रम में संकुल स्तर के सात केंद्रीय विद्यालय शामिल हुए जिसमें केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 बीसीपीपी, केंद्रीय विद्यालय जांजगीर, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बिलासपुर, केंद्रीय विद्यालय रायगढ़, केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ बिलासपुर, एवं केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 कुसमुंडा के लगभग 263 विद्यार्थी शामिल हुए।

## खेत में जाकर कलेक्टर ने डिजीटल फसल सर्वे का किया अवलोकन

### 0 पटवारियों को त्रुटि रहित एवं शुद्धता पूर्वक गिरदावरी करने के निर्देश

### 0 किसानों से चर्चा कर डिजीटल क्रॉप सर्वे के बताये फायदे

कोरबा संवाददाता।



कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने भैंसमा तहसील के अंतर्गत ग्राम करमंदी में किसान भरतलाल और चमार साय के खेत पर पहुंचकर सर्वेयर एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा किए जा रहे डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सर्वे में लगे कर्मचारियों-पटवारियों को त्रुटि रहित एवं शुद्धता पूर्वक गिरदावरी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिन गांवों में डिजीटल फसल सर्वे नहीं हो रहा है, उन गांवों में भी शुद्धतापूर्वक गिरदावरी के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर श्री वसंत ने मौके पर उपस्थित किसानों से बातचीत कर डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य के संबंध में जानकारियां भी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण के माध्यम से किसानों द्वारा खेत में बोये जाने वाली फसलों एवं क्षेत्रफल की वास्तविक जानकारी मिल सकेगी। डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत सर्वेयर द्वारा संबंधित खसरा नंबर में जाकर डिजिटल क्रॉप सर्वे एप्प के माध्यम से संबंधित खेत का फोटो खीचकर इसकी प्रविष्टि की जाएगी। इससे फसल के रकबे को कम या अधिक लिखे जाने की संभावना समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे से किसानों को बहुत जरूरी लाभ प्राप्त हो सकेगा। इनमें किसानों को कृषि उपज बेचने के लिए अब अपने दस्तावेजों का बार-बार सत्यापन कराने से मुक्ति मिल जाएगी। इसके साथ ही फसल से जुड़ी सारी अहम जानकारी भी किसानों को एक जगह मिल जाएगी।

# मौसमी बीमारियोंके रोकथाम के लिए कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को सर्तक रहने के दिए निर्देश

### बीमारी -जैसे बुखार एवं उल्टी-दस्त होने पर स्वास्थ्य विभाग को उपचार करने और शिविर लगाने के निर्देष



**कोरबा** कलेक्टर अजीत वसंत ने कोरबा जिले में मौसमी बीमारियों जैसे बुखार, उल्टी-दस्त, मलेरिया की रोकथाम के लिये स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने और षिकायत प्राप्त होने पर संबंधित ग्राम में जाकर पीड़ितों का उपचार करने के निर्देष दिए हैं। उन्होंने आवष्यकता होने पर स्वास्थ्य विभाग को षिविर लगाने के भी निर्देष दिए हैं। कलेक्टर ने पीड़ितों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करने तथा लापरवाही सामने आने पर कार्यवाही की हिदायत दी है।

कलेक्टर के निर्देष पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिले के प्रत्येक क्षेत्र में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है जिसके अनुपालन में प्रत्येक स्तर के स्वास्थ्य केन्द्रों तथा मैदानी क्षेत्र में कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन व डिपोहोल्डर्स के पास जीवनरक्षक दवाईयों की उपलब्धता तथा सतत औषधियों की प्रतिपूर्ति व्यवस्था की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही स्वास्थ्य अमलों के द्वारा शिविर लगाकर उपचार किया जा रहा है। मौसमी बीमारियों/महामारी के नियंत्रण हेतु जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर काम्बेट टीम का गठन किया गया है तथा उन्हें क्षेत्रों में सतत् भ्रमण कर निगरानी बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिये गए जो सूचना प्राप्त होते ही प्रभावित क्षेत्र में तत्काल चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। किसी भी क्षेत्र में बुखार ,मलेरिया या उल्टीदस्त की शिकायत होने पर तत्काल मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी को तुरंत सूचना दीजाये।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी नें जनसामान्य को मौसमी बीमारियों जैसे डायरिया एवं मलेरिया से बचाव हेतु सदैव भोजन करने से पूर्व एवं शौंच के पश्चात हॉथों को साबुन से अच्छी तरह धोने,घरों के आस-पास स्वच्छता रखने, व्यक्तिगत साफ-सफाई पर विषेष ध्यान देने,खाने-पीने की वस्तुओं और पानी को हमेशा ढ़ककर रखने,बासी भोजन, सड़े गले फलों का सेवन नहीं करने व हमेंशा ताजे फलों और भोजन का सेवन करने,खाने और पकाने से पहले फलों और सब्जियों को अच्छी तरह से धोने, पीने के लिए हैण्डपंप का पानी का उपयोग करने तथा पानी को उबालकर एवं छानकार तथा पानी की शुद्धता के लिए क्लोरिन की गोली डालकर ही पीने के लिए उपयोग में लाने, कुओं में ब्लीचिंग पाउडर डलवाने तथा जल स्त्रोत के पास कूड़ा-करकट, गंदे पानी एकत्र न होने देने, इस बात का ध्यान रखने कि मल विसर्जन घर से दूर तथा पीने के पानी के स्त्रोत से 25 मीटर से अधिक दूरी पर होना चाहिए।दस्त या बुखार होने पर तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन , डिपोहोल्डर अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में तत्काल निःशुल्क प्राथमिक उपचार लेने, दस्त होने की स्थिती में ओ.आर.एस.का घोल सेवन करने या नारियल का पानी, नमकीन लस्सी , नीबू की सिंकंजी , चावल का मांड, हल्की चाय, दाल का पानी का सेवन लगातार करते रहने, ये सभी उपाय शरीर में पानी की कमी को दूर करता है। मच्छरों से बचाव हेतु मच्छरदानी का उपयोग करने एवं इसे आदत में सुमार करने, सोने के पूर्व संभव हो तो शरीर में मच्छरनाशक क्रीम अथवा नीम तेल लगाने ताकि मच्छर न काट सके। घर अथवा घर के आस-पास कूलर, टायर,टूटे बर्तन अथवा अन्य कोई भी वस्तुओं में पानी जमने न देने, उल्टी दस्त से किसी भी मृत्यु होने पर उन घरों में स्वास्थ्य कार्यकर्ता के सहयोग से ब्लीचिंग पाउडर से शुद्धिकरण अवश्य कराने तथा घर के अन्य सदस्यों को भी उल्टी-दस्त की दवाईयॉ खिलाने, ग्राम में होने वाले सभी सार्वजनिक आयोजनों में खाने-पीने का विषेष ध्यान रखने, कार्यक्रम के दौरान ताजा भोजन का उपयोग करने पर अमल करने की हिदायत दिये हैं। कलेक्टर श्री अजीत वसंत एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ-एस-एन.केशरी ने जिले की जनता से अपील कीहै कि उपरोक्तानुसार बातों पर अमल करें जिससे महामारी जैसी बीमारियों पर नियंत्रण किया जा सके तथा जिले में असामयिक मृत्यु को रोका जा सके।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि मौसमी बीमारियों के नियंत्रण में अपनी सहभागिता सुनिष्चित कर जिले को मौसमी बीमारी से मुक्त करने की दिशा में अमूल्य योगदान दें।

### उद्योग मंत्री के निर्देश का त्वरित पालन, अशोक वाटिका में निःशुल्क रहेगा मार्निंग वाक योगा केन्द्र

**कोरबा** उद्योग, वाणिज्य व श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के द्वारा आमजन के हित में दिए गए निर्देश का त्वरित पालन करते हुए कोरबा जिला अरबन पब्लिक सोसायटी के द्वारा अशोक वाटिका में निःशुल्क मार्निंग वाक एवं योगा केन्द्र की सुविधा बहाल कर दी गई है, अब आमजन प्रातः 05 बजे से 09 बजे तक अशोक वाटिका में इस निःशुल्क सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। यहॉं उल्लेखनीय है कि कोरबा का सबसे बड़ा उद्यान अशोक वाटिका में प्रतिदिन लगभग 500 से ज्यादा नागरिक मार्निंग वाक योगा व स्वास्थ्य लाभ के लिए पहुंचते हैं, उक्त अशोक वाटिका संचालन संधारण कोरबा जिला अरबन पब्लिक सोसायटी के द्वारा कराया जा रहा है, संचालन संधारण के मद्देनजर सोसायटी द्वारा पूर्व में प्रवेश शुल्क का निर्धारण कराया गया था। उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आमजन के हित को देखते हुए अशोक वाटिका में मार्निंग वाक करने वालों व योगा प्राणायाम एवं स्वास्थ्य लाभ संबंधी करने वाले आमनागरिकों के लिए अशोक वाटिका में निःशुल्क प्रवेश की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, सोसायटी द्वारा निर्देशों का त्वरित पालन करते हुए अब प्रातः 05 बजे से 09 बजे तक मार्निंग वाक योगा प्राणायाम की निःशुल्क सुविधा बहाल कर दी गई है।

## पूर्व महापौर बलवीर सिंह जुनेजा की पुण्यतिथि 24 को



**रायपुर ।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से नगर पालिक निगम रायपुर के पूर्व महापौर बलवीर सिंह जुनेजा की पुण्यतिथि दिनांक 24 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे राजधानी शहर रायपुर में बूढ़ापारा में नगर पालिक निगम रायपुर के बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम परिसर में स्थित उनके मूर्ति स्थल पर उनका सादर नमन करने पुष्पांजलि आयोजन रखा गया है।

## कलेक्टर संबित मिश्रा ने बेदरे में निर्माण कार्यों और शासकीय संस्थाओं का किया निरीक्षण

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता चौबे ने गुरुवार को बेदरे क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों, शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य केंद्र तथा पोटा केबिन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सबसे पहले कलेक्टर ने बेदरे में निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया । इसके बाद कलेक्टर एवं सीईओ ने शासकीय बालक आश्रम और कन्या आश्रम बेदरे का निरीक्षण किया। आश्रमों में रह रहे विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई, भोजन व अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों को मेन्यू के अनुसार पौष्टिक मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जाए, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर कोई कमी न हो । निरीक्षण के दौरान नवीन कन्या आश्रम भवन का भी अवलोकन किया गया, जिसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

इसके उपरांत अधिकारियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेदरे का निरीक्षण किया। यहां उपस्थित ग्रामीणों ने कलेक्टर से एम्बुलेंस सुविधा, चिकित्सक एवं पर्याप्त स्वास्थ्य स्टाफ की मांग रखी। ग्रामीणों का कहना था कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

## शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर कालिख पोतने का कड़ा विरोध



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह की दुर्ग बस स्टैंड चौक पर स्थित प्रतिमा पर अज्ञात लोगों द्वारा कालिख पोते जाने की घटना ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैला दिया है। इस घटना के विरोध में आदिवासी समाज और विभिन्न संगठनों ने अखिल भारतीय एसटीएससी ओबीसी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इसे शहीदों के सम्मान पर हमला करार देते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और सख्त सजा की मांग की है।

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग बस स्टैंड चौक पर एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा की। आदिवासी समाज के प्रमुख लाल सिंह ऊईके और उषा ठाकुर ने कहा कि यह असामाजिक तत्वों की साजिश है, जिसका उद्देश्य शहीद वीर नारायण सिंह के सम्मान को ठेस पहुंचाना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वीर नारायण सिंह केवल एक समुदाय के नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और देश के गौरव हैं। प्रदर्शनकारियों ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रतिमा स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग भी उठाई।

घटना की सूचना मिलते ही पद्मनाभपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत करने का प्रयास किया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया है कि दोषियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी जल्द की जाएगी।

आदिवासी समाज के नेताओं ने इस घटना को शहीदों के प्रति अपमान बताते हुए सरकार और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों को जल्द पकड़ा नहीं गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज के विधार्थियों को बताए ट्रैफ्िक के नियम और सड़क दुघर्टनाओं से बचने के उपाय

**जगदलपुर ।** पॉलिटेक्निक कॉलेज आड़ावाल में छात्र,छात्राओं अध्यापकों व अन्य स्टाफ संख्या को यातायात से संबंधित नियम , सड़क दुर्घटना के कारण,रोकथाम ,एवं उपाय आदि के संबंध में जानकारी दी गई। परिवहन विभाग से डी सी बंजारे क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं पुलिस विभाग सेडीएसपी ट्रैफ्िक संतोष जैन,यातायात प्रभारी मधुसूदन नाग,एएसआई राजकुमार आडील द्वारा विधार्थियों को ट्रैफ्िक नियमों के बारे डिटेल में बताया गया। साथ ही क्षेत्र में पूर्व में घटित सड़क दुर्घटना के कारणों के बारे में बताया एवं समझाया गया। कॉलेज के छात्र छात्राएं तथा अध्यापक एवं स्टाफ द्वार ध्यान पूर्वक सड़क सुरक्षा एवं यातयात से संबंधी बातें को सुना गया ।जिस पर उपस्थित छात्र छात्राएं, एवं अध्यापक गण द्वारा भविष्य में ट्रैफ्िक नियमों के प्रति हमेशा सजग रहने के साथ साथ यातायात नियमों के पालन करने की बात इन सभी के द्वारा कही गई।

# जोन में आमजनों की सफाई, पानी लाईट की मौलिक समस्याओं का त्वरित निराकरण करने दिये निर्देश

**रायपुर ।** रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने रायपुर नगर निगम जोन 4 कार्यालय पहुंचकर कार्य की समीक्षा बैठक लेकर बिन्दुवार जनहित में आवश्यक निर्देश दिये।

रायपुर दक्षिण विधायक ने सदर बाजार वार्ड में विभिन्न मुख्य मार्गो पर पेयजल लाईन के ऊपर अंडरग्राउंड केबलिंग कार्य करके केबल लाईन डाले जाने पर अपनी गहन अप्रसन्नता व्यक्त की। दक्षिण विधायक ने अभियान चलाकर अगले डेढ़ माह के भीतर पाईप लाईन और केबल लाईन को अलग करके सुरक्षित करना प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के कडे निर्देश दिये है।



रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने जोन कार्यालय जनसमस्याएं लेकर प्रतिदिन आने वाले आमजनो की समस्याओं का निदान नहीं होने एवं टाल मटोल होने को लेकर गहन नाराजगी व्यक्त की है। श्री सुनील सोनी ने कहा कि नगर निगम में जोन का गठन एवं जोनकमिश्नर की पदस्थापना इसीलिए की गई है कि जोन के वार्डो की जनता को त्वरित राहत मिले और उनकी मूलभूत समस्याओं सफाई, पानी, लाईट, सडक आदि संबंधी कार्य त्वरित रूप से जोन में ही हो सके। जोन के अधिकारियों और कर्मचारियों को पार्षदों के साथ समन्वय रखकर आमजनों की समस्याएं सुनकर जोन में ही उनका त्वरित निदान करने की प्रशासनिक व्यवस्था तत्काल बनानी होगी। ताकि अनावश्यक रूप से आमजनों को अपने दैनिक कार्यो के लिए इधर - उधर ना भटकना पडे।

रायपुर दक्षिण विधायक ने रावणभाठा फिल्टरप्लांट, अमृत मिशन योजना के कार्यो की जानकारी लेकर समीक्षा करते हुए प्रतिदिन सतत मॉनिटरिंग कर शहर की पानी टंकियों में जल का भराव पर्याप्त रूप से सुनिश्चित करके सुगमता से नागरिको को जल आपूर्ति करने के निर्देश दिये। जोन स्तर पर उप अभियंताओं को लगाकर जोन क्षेत्र की पानी टंकियों में पूर्ण भराव सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। दक्षिण विधायक ने दीपावली पर्व के पूर्व सभी वार्डों में बन्द स्ट्रीट लाईट को सुधारकर जलवाना और अच्छी प्रकाश व्यवस्था देना सुनिश्चित करने निर्देशित किया. साथ ही यह निश्चित करने के निर्देश दिए कि जोन के सभी वार्डों में नागरिकों के घरों में व्यवस्था के तहत दिन में दो बार एक- एक घण्टे की पेयजल आपूर्ति सतत हो और कोई भी समस्या आने पर पेयजल समस्या का तत्काल निराकरण स्थल पर पहुंचकर किया जाये. रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने जोन 4 के सभी 7 वार्डो में मार्गों एवं वार्डो की सफाई व्यवस्था सुधारने और विशेष सफाई अभियान चलाने के संबंध में आवश्यक निर्देश जोन कमिश्नर और जोन स्वास्थ्य अधिकारी को दिये। दक्षिण विधायक ने प्रतिदिन सभी वार्डो में निर्धारित संख्या में सफाई कामगारो की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये। दक्षिण विधायक ने अधिकारियों को वार्डो में प्रतिदिन निरीक्षण कर वार्ड पार्षदों के साथ समन्वय रखकर वार्डवासियों की समस्याएं सुनकर उनका यथा संभव त्वरित निदान सुनिश्चित करने की प्रशासनिक व्यवस्था कायम करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जोन 4 अध्यक्ष श्री मुरली शर्मा, नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग के अध्यक्ष श्री मनोज वर्मा, संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, ब्राम्हणपारा वार्ड पार्षद श्री अजय साहू, मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड पार्षद श्रीमती अर्जुमन ढेबर, एमआईसी सदस्य प्रतिनिधि श्री संतोष हियाल, राज्य विद्युत पावर कम्पनी के अधिकारियों, जोन 4 जोन कमिश्नर श्री अरूण ध्रुव, प्रभारी अधीक्षण अभियंता श्री पी. राजेश नायडू कार्यपालन अभियंता फिल्टर प्लांट नर सिंह फरेन्द्र,अंशुल शर्मा जूनियर, जोन 4 कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन, अनुराग पाटकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी विरेन्द्र चंद्राकर, उप अभियंताओं की उपस्थिति रहे।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पहला विदेश दौरा, जापान और दक्षिण कोरिया में करेंगे निवेश को लेकर चर्चा

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज देर शाम दिल्ली से अपने पहले विदेश दौरे पर रवाना होंगे। इस दौरे के तहत वे जापान और दक्षिण कोरिया का प्रवास करेंगे। रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि वे जापान के ओसाका में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो में हिस्सा लेंगे, जहां इलेक्ट्रॉनिक्स, फूड प्रोसेसिंग और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में हो रहे कार्यों का अवलोकन करेंगे। छत्तीसगढ़ में इन तीनों क्षेत्रों में निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं। वे इस दौरे पर प्रदेश की नई उद्योग नीति को प्रस्तुत करेंगे और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को राज्य में उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित करेंगे।

इस विदेश दौरे पर मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी कौशल्या देवी साय और कुछ वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा मंत्री रामविचार नेताम और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल भी उनके साथ दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। दिल्ली में मुख्यमंत्री साय कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात भी कर सकते हैं।

रायपुर एयरपोर्ट से रवाना होते समय मंत्री गजेंद्र यादव और गुरु खुशवंत साहेब ने मुख्यमंत्री को विदा किया। इस दौरे को प्रदेश के लिए काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि सरकार राज्य में विदेशी निवेश आकर्षित करने की दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है।

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर कवर्धा विधानसभा में तीजा उत्सव का भव्य समापन

### छत्तीसगढ़ के परंपरा में तीजा त्यौहार महिलाओं का पसंदीदा त्योहार, सभी बहनों के साथ तीजा मनाने का सौभाग्य मिला - श्रीमती रश्मि शर्मा

### कवर्धा विधानसभा में तीजा उत्सव का भव्य आयोजन, समापन आटोटोरियम में संपन्न



**कवर्धा।** उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा जी के नेतृत्व में आयोजित तीजा उत्सव मिलन कार्यक्रम का समापन आज स्थानीय आटोटोरियम, कवर्धा शहर मंडल की बहनों के बीच हुआ। यह कार्यक्रम क्रमशः कवर्धा ग्रामीण, भोरमदेव, रेंगाखार, लोहारा, पिपरिया एवं बोडला मंडल में आयोजित होने के बाद संपन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माताओं-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी मंडलों में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि शर्मा उपस्थित रही और क्षेत्र की बहनों के साथ पारंपरिक तीजा पर्व मनाया।

श्रीमती रश्मि शर्मा ने कहा–

छत्तीसगढ़ में अनेक तीज-त्योहार मनाए जाते हैं, लेकिन तीजा पर्व महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। यह पर्व मायके की यादों से जुड़ा है, जिसमें महिलाएँ माता-पिता, भाई-बहनों के संग मनाती हैं और पति की लंबी आयु की कामना करती हैं। स्वास्थ्य कारणों से मैं पिछले वर्ष उपस्थित नहीं रही थी, इसलिए इस बार मैंने दोगुना आनंद लिया। सातों मंडलों में जाकर बहनों के बीच नृत्य, गायन, ड्रेस एवं पकवान प्रतियोगिता और जलेबी दौड़ जैसे खेल का आनंद लिया।

तीज मिलन समारोह में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी ने अपने उद्बोधन में कहा–

बहनों-माताओं के इस पारंपरिक त्योहार की मिठास ही अलग है। तीजा तिहार मनाने की जिम्मेदारी इस बार आप सबकी रश्मि भाभी ने निभाई। कवर्धा विधानसभा के सातों मंडलों की माताओं-बहनों ने जिस उत्साह से भाग लिया उसके लिए मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लगी पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं का भी विशेष आभार। एक भाई और बेटे की तरह मुझे आप सभी माताओं-बहनों का प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद हमेशा मिलता है, यही मेरा सबसे बड़ा संबल है। ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूँ कि सबका जीवन मंगलमय हो और यह पर्व सभी के जीवन में आनंद व उत्सव लेकर आए।

इस अवसर पर क्षेत्र की बड़ी संख्या में माताएँ-बहनें उपस्थित रही और पूरे उत्सव को यादगार बनाया।

## 6 लाख रूपये के 4 ईनामी सहित 5 सक्रिय माओवादी गिरफ्तार

**बीजापुर।** डीआरजी बीजापुर एवं थाना भैरमगढ़ की संयुक्त कार्यवाही करते हुए बंगोली के जंगल से 6 लाख रूपये के 4 ईनामी माओवादी सहित 5 सक्रिय माओवादियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये माओवादी लंबे समय से माओवादी संगठन में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। माओवादियों के कब्जे से प्रतिबंधित विस्फोटक सामग्री, जमीन खोदने का औजार आदि बरामद किया गया है।

बता दें कि जिले में संचालित माओवादी विरोधी अभियान के तहत् डीआरजी एवं थाना भैरमगढ़ की टीम बुधवार को माड़ एरिया में बंगोली, सतवा, बेलनार, मरकापाल, घोटपाल की ओर अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान बंगोली के जंगल से 05 संदिग्धों को विस्फोटक के साथ पकड़ा गया है।

माहरू यादव ऊर्फ सगनू (इन्द्रावती एरिया कमेटी, ओरछा एलओएस जनमिलिशिया कमाण्डर) पिता सोनसाय यादव उम्र 32 वर्ष जाति राउत निवासी बोड़गा थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर, ईनाम 03.00 लाख रूपये।

लक्खू फरसा (ओड़िसा राज्य सीसीएम मनोज का सुरक्षा गार्ड /पार्टी सदस्य) पिता सन्नू फरसा उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोलनार थाना जांगला जिला बीजापुर, ईनाम 01.00 लाख रूपये

बुधराम कोवासी (ताकीलोड़ आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष) पिता हिरमा कोवासी उम्र 45 वर्ष जाति मुरिया निवासी ताकीलोड़ थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर, ईनाम 01.00 लाख रूपये।

सुखराम हेमला ऊर्फजयराम ( इन्द्रावती एरिया कमेटी पार्टी सदस्य/डॉक्टर टीम सदस्य)पिता मासा उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी हींगमेटटा थाना जांगला जिला बीजापुर , ईनाम 01.00 लाख रूपये।सीताराम डोडी (घोटपाल जीआरडी सदस्य)पिता पायकू डोडी उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी घोटपाल पटलपारा थाना भैरमगढ जिला बीजापुर ।

गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, बिजली के तार, पावर सोर्स बैटरी, जमीन खोदने के औजार (सब्बल), पिट्ठू बैग सहित अन्य प्रतिबंधित विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। डीआरजी बीजापुर एवं थाना भैरमगढ़ की टीम द्वारा की गई इस सफल कार्रवाई से क्षेत्र में माओवादी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने में सहायता मिलेगी।

## गंज मंडी परिसर के निर्माण को लेकर कानूनी दांवपेच प्रारंभ , 26 एकड़ में 250 करोड़ का महंगा प्रोजेक्ट बना रहा नगर निगम

### कब्जाधारियों एवं कानूनी दांवपेच से बचने हाईकोर्ट में केवियेट के लिए लगाया निगम प्रशासन ने आवेदन

### सांसद बृजमोहन और निगम प्रशासन आमने सामने

**रायपुर ।** राजधानी के मध्य स्थित पुराना गंज मंडी में प्रस्तावित गंज मंडी रिडेव्लपमेंट प्लान को अब निर्माण को लेकर सियायत तेज हो गई है। जहां नगर निगम हाईकोर्ट की शरण में चला गया है वहीं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने यहां पर एक सार्वजनिक गार्डन बनाने की मांग कर दी है जिसके कारण निगम प्रशासन और जनप्रतिनिधि आमने सामने हो गये हैं। निगम प्रशासन ने कानूनी दांवपेच से बचने के लिए अपना पक्ष सुनने के लिए केवियेट दायर कर दिया है। नगर निगम के अधिकृत सूत्रों से मिली जानकारी के




अनुसार तेलघानी नाका के समीप प्रस्तावित गंज मंडी रिडेव्लपमेंट प्लान के लिए सर्वे कर लिया गया है तथा यहां पर एक स्किम के तहत व्यावसायिक परिसर बनाया जाएगा। इस पर कुल लागत 250 करोड़ आने की उम्मीद है जिसको लेकर ननि प्रशासन डीपीआर बनाने जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार फिलहाल इस योजना के लिए धन जुटाना सबसे बड़ा मुश्किल काम है लेकिन इस कार्य जारी है।

### सांसदों एवं स्थानीय व्यापारियों ने किया विरोध

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने एक विज्ञप्ति जारी कर इस मंडी परिसर में सार्वजनिक उद्यान बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि यहां पर एक सार्वजनिक उद्यान बनाना चाहिए। व्यावसायिक परिसर सिर्फ जंगल के कांक्रीट है जिससे रायपुर की आबु हवा खराब हो रही है। नगर निगम के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं राज्य शासन से उन्होंने अपील की है कि इस योजना को लागू करने से पहले विचार करे। निगम ने दायर किया केवियेट हाईकोर्ट में

अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल ने बताया कि यहां पर कुल जमीन 26 एकड़ है इसमें करीब 20 से 25 लोग स्थायी पट्टेदार है। जो की इस समय कानूनी चुनौती देने के लिए तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह योजना इस योजना पर 250 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। फिलहाल इस योजना पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत बनाया जाएगा अथवा वित्त विभाग से ऋण लिया जाएगा इस पर अंतिम फैसला नहीं हुआ है इसका डीपीआर बनाना शुरू कर दिया है इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। इपर आयुक्त ने बताया किसी भी राजनीति विवाद को हल करने हम स्थायी कब्जाधारियों से बातचीत करेंगे। राजधानी के प्रभात टाकीज के पीछे तथा तेलघानी चौक के पास इस महंगे भूखंड पर कई लोगों की नजर है। यहां पर कई लोगों के द्वारा अवैध कब्जा किया हुआ है। पुराने अड़तिया लोग कब्जा जमाये बैठे हुए है। जो यहां पर स्थायी पट्टे की मांग कर रहे। यह जमीन फिलहाल ननि के आधिपत्य में है जिसको लेकर अभी विवाद चल रहा है। लेकिन कानूनी दावंपेज के चलते अब इसका निर्माण हो पाएगा की नहीं इसको लेकर ग्रहण लगते जा रहा है इस समय पुरानी गंज मंडी को लेकर कई बिल्डर एवं भूमाफिया अपनी नजर गढ़ाये हुए है।

## जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता विजय जामनिक निलंबित

**रायपुर।** राज्य सरकार ने जल संसाधन विभाग के तत्कालीन कार्यपालन अभियंता विजय जामनिक को गंभीर वित्तीय अनियमितता और शासकीय निधि की सुरक्षा में लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जशपुर जिले की सुसडेगा व्यपवर्तन योजना में सामने आई गड़बड़ियों के चलते की गई है।

विभागीय दस्तावेजों की जांच में पाया गया कि विजय जामनिक ने अनुबंध की शर्तों को नजरअंदाज करते हुए, ठेकेदार द्वारा जमा की गई अतिरिक्त सुरक्षा निधि – कुल 2.93 करोड़ रुपये – कार्य अधूरा रहने के बावजूद समय पूर्व लौटा दी। इसमें 1.46 करोड़ रुपये की दो एफडीआर (संख्या 1764903 और 1764904) शामिल हैं।

फिलहाल परियोजना का कार्य केवल 60 प्रतिशत ही पूरा हो सका है और ठेकेदार द्वारा शेष कार्य को पूरा करने में कोई गंभीर पहल नहीं की जा रही है। ऐसी स्थिति में यदि ठेकेदार कार्य अधूरा छोड़ देता है, तो विभाग उस राशि को जब्त नहीं कर पाएगा, जिससे विभागीय हितों को नुकसान पहुंचा है।

इस पूरे प्रकरण को वित्तीय अनियमितता और अनुशासनहीनता की श्रेणी में मानते हुए, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत जामनिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय मुख्य अभियंता कार्यालय, महानदी-गोदावरी कछार, रायपुर नियत किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)